* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 273

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

गांव को भी रोशन कर रही है राज्य सरकार : हेमंत



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

## सहायक नगर निवेशक/कनीय अभियंता/स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर/पाइपलाइन इंस्पेक्टर/खान निरीक्षक/मोटरयान निरीक्षक

## का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
मा० मंत्री, जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार


**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा० मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा० मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
मा० मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
मा० मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री दीपक बिरुआ**
मा० मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार



इस अवसर पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**23 जुलाई, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे**
**प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 330354 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


## मुख्यमंत्री ने राजमहल में 34 कल्याणकारी योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# हमारी योजनाएं आने वाली पीढ़ी को भी सशक्त बनायेगी: हेमंत

- श्रावणी मेला के शुभारंभ और पहली सोमवारी की सभी राज्यवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं
- लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजमहल/साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में हमारी सरकार ने कई आयाम जोड़े हैं। कई नये आयाम जोड़ने का काम हो रहा है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही हैं। आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। राज्य को संवारने एवं आगे बढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि काम सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लाभ लंबे समय तक लोगों को मिलना चाहिए। हमारी सरकार इसी सोच के साथ योजनाएं बना रही है। हमारी योजनाएं आपको और आपकी आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए है। मुख्यमंत्री सोमवार को साहिबगंज जिले के राजमहल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 88 करोड़ 84 लाख की 34 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं, 10 हजार 141 लाभुकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके बीच 38 करोड़ 80 लाख रुपए से ज्यादा की परिसंपत्तियां बांटी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को श्रावणी माह के शुभारंभ एवं पहली सोमवारी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सर्वांगीण विकास की दिशा में बढ़ रहे हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार जो भी योजनाएं और नीतियां बना रही है उसका लाभ समाज के हर वर्ग और तबके को मिल रहा है। हम आप सभी के सहयोग से इस राज्य को इतना मजबूत बनायेंगे कि हमें किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### समस्याओं के समाधान के लिए सब मिलकर प्रयास करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे राज्य में कई समस्याएं हैं। हम कई चुनौतियों के बीच से गुजर रहे हैं। इन तमाम समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो, इसके लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। समस्याओं के निजात के लिए मिलजुलकर प्रयास करें।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक अनंत ओझा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

### राजमहल क्षेत्र की एक अलग पहचान है

हेमंत ने कहा कि राजमहल का क्षेत्र कई मायनो में अलग पहचान रखता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र होने के साथ पर्यटन की भी यहां अपार संभावनाएं हैं। यह झारखंड का एकमात्र इलाका है, जहां से गंगा नदी गुजरती है। यहां विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन लंबे अर्से से होता आ रहा है। यहां के तमाम संसाधनों का उपयोग कोई और कर रहा है जबकि यह क्षेत्र और यहां के लोग आज भी काफी पिछड़े हैं। यह क्षेत्र आज भी कई समस्याओं से ग्रसित है। हमारी सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयत्नशील है । गंगा के कटाव को रोकने का कार्य हो रहा है। आवागमन में सुगमता लाने का प्रयास कर रहे हैं। राजमहल क्षेत्र में एक हवाई पट्टी और रोप- वे बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है, ताकि पर्यटन के लिहाज से इसे अलग पहचान दिला सकें।

### 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को देंगे सम्मान राशि

हेमंत ने कहा कि राज्य सरकार ने 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। इसके लिए लाभुकों का आवेदन लेने के लिए बहुत जल्द पूरे राज्य में विशेष कैंप लगाये जाएंगे। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हम काम कर रहे हैं।

### हेमंत आज रांची में करेंगे कुष्ठ कालोनी का उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी और आसपास के कुष्ठ प्रभावित लोगों का भी अपना आशियाना होगा। उनका यह सपना मंगलवार को साकार होने जा रहा है। जुडको द्वारा धुर्वा में निर्मित कुष्ठ कालोनी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उद्घाटन करेंगे। रांची नगर निगम की ओर से 256 फ्लैट में से 250 का लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से चाबी भी सौपेंगे। कुष्ठाश्रम में जी प्लस वन के सात ब्लॉक साढ़े पांच एकड़ में बना है। लागत 35 करोड़ आया है। इस कॉलोनी का निर्माण पूरी तरह से राज्य सरकार के खर्चे से हुआ है। राज्य के नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने बताया है कि कुष्ठ प्रभावित लोगों को जीवन स्तर ऊंचा उठाने और रहन-सहन आरामदायक बनाने के उद्देश्य से इस आश्रम का निर्माण कराया गया है। एक फ्लैट की लागत लगभग 12 लाख है, जो लाभुकों को निःशुल्क दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवासों के भीतर पंखे, ट्यूब लाइट, नल और अन्य उपस्कर ब्रांडेड कंपनियों के लगाये गये हैं। एक फ्लैट में बेडरूम, लीविंग एरिया, शौचालय और स्नानागार, बालकनी का निर्माण कराया गया है।

## मुख्यमंत्री ने अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल का किया औचक निरीक्षण



- साफ-सफाई और स्वच्छता का पूरा ख्याल रखने का निर्देश
- ओपीडी-वार्ड का किया भ्रमण, उपलब्ध व्यवस्था और सुविधाओं की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्ड, दवाई, चिकित्सकों और कर्मियों की उपलब्धता और उपस्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इलाजरत मरीजों से भी बात की। मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार अस्पतालों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी चिकित्सा संसाधन उपलब्ध करा रही है। मरीजों को इसका सुगमता से पूरा लाभ मिले, इसे अस्पताल प्रशासन सुनिश्चित करे। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता का पूरा ख्याल रखने का निर्देश दिया।

# मोदी 3.0 के पहले बजट से लोगों ने बांध रखी हैं उम्मीदें

## ■ निर्मला ताई को इस बार कई मोर्चों पर एक साथ जूझना होगा

## ■ हर वर्ग को है राहत की उम्मीद, कई चुनौतियों से होगा सामना

**आजाद सिपाही विशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट अब से कुछ घंटे बाद पेश किया जायेगा। बजट से पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में देश की अर्थव्यवस्था की जो तस्वीर बतायी गयी है, उससे जाहिर होता है कि मोदी सरकार ने देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए जरूरी कदम उठाये हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। मोदी सरकार के इस संकल्प की पृष्ठभूमि में बजट से लोगों ने कई उम्मीदें लगा रखी हैं, जिन्हें पूरा करना बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। बजट को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ कर दिया है कि नागरिकों को इसमें किसी बड़ी राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसके बावजूद हर आम और खास ने निर्मला ताई की पोटली से बड़ी-बड़ी उम्मीदें बांध रखी हैं। उम्मीद की जा रही है कि पिछले 10 साल के दौरान नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाये गये आर्थिक कदमों को इस बार अधिक मजबूती से आगे बढ़ाया जायेगा, ताकि आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में भारत एक कदम और आगे बढ़ सकेगा। कोरोना महामारी के बाद मोदी सरकार ने जिस तरह आर्थिक मोर्चे पर शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं, उससे लगता है कि इस बजट में कुछ ऐसे उपायों की घोषणा की जा सकती है, जिनका सीधा सकारात्मक असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। वैसे आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान देश की वास्तविक जीडीपी या वृद्धि दर 6.5 से सात फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर और निजी निवेश में निरंतर गति से पूंजी निर्माण वृद्धि को बढ़ावा मिला है। सकल स्थायी पूंजी निर्माण में 2023-24 में वास्तविक रूप से नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है, लेकिन इतना भर से काम नहीं चलनेवाला है। क्या हैं बजट से उम्मीदें और क्या हैं चुनौतियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

मोदी 3.0 सरकार का पहला बजट अब से कुछ घंटे बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में पेश करेंगी। उम्मीदों और आशंकाओं के भंवर में फंसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को इस बजट से कई उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन ही साफ कर दिया कि इस बार उनकी सरकार मजबूत बजट पेश करेगी, जो भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। इसके बावजूद संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में दिये गये आंकड़े लोगों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं हैं। इसलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन यह भी सच है कि इस बजट से आम से लेकर खास तक ने बड़ी राहत की उम्मीदें बांध रखी हैं। इन उम्मीदों पर यह बजट कितना खरा उतरता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

### बजट में क्या हैं चुनौतियां

पिछले वित्त वर्ष अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है, लेकिन निजी उपभोग खर्च में बहुत कम चार फीसदी की वृद्धि हुई है। यह वो खर्च है, जो भारत के लोग वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च करते हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था का 55 से 60 फीसदी हिस्सा है। यदि अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक की कोरोना महामारी के समय को छोड़ दें, तो यह अप्रैल 2002 से मार्च 2003 के बाद निजी उपभोग व्यय में सबसे कम वृद्धि है। इसलिए निजी उपभोग पर खर्च में कमी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। बजट में इसका समाधान निकालना जरूरी है। सरकार लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा देकर इस चुनौती से निपट सकती है। इस लक्ष्य को कई तरीकों से हासिल किया जा सकता है। इसका पहला उपाय तो यह है कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर लगाये जाने वाले टैक्स पर छूट देकर लोगों को राहत दे सकती है। ऐसा कर सरकार लोगों के हाथों में और अधिक पैसा दे सकती है। इससे खुदरा महंगाई दर में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा केंद्र सरकार को आयकर में



कटौती करने या इनकम टैक्स स्लैब बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। अगर लोग औसतन कम इनकम टैक्स जमा करेंगे, तो वे ज्यादा खर्च कर सकेंगे।

वित्त वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक 6.85 करोड़ लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया था। इसमें से 4.2 करोड़ लोगों ने सिर्फ रिटर्न फाइल किया और कोई टैक्स नहीं दिया था। वहीं दो करोड़ लोगों ने डेढ़ लाख रुपये तक इनकम टैक्स दिया। हालांकि करीब 62 लाख लोगों ने डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा टैक्स दिया। यह संख्या काफी कम है। इसलिए इनकम टैक्स में कटौती के खिलाफ यह तर्क दिया जाता है कि इससे उपभोग को बढ़ाने में कोई खास मदद नहीं मिलेगी, जबकि सच है कि यहां भी कुछ बारीकियां हैं।

इन उम्मीदों और चुनौतियों की पृष्ठभूमि में यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि अंतरिम बजट में 'मोदी की गारंटी' की छाप रहने की संभावना है। इस बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है।

### 2019 में मिडिल क्लास और किसानों पर किया था फोकस

मोदी सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर फोकस किया था। कुल मिला कर ये लगभग 75 करोड़ हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इस आबादी का खास ध्यान रखेगी। उल्लेखनीय है कि उस समय वित्त मंत्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना छह हजार रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र (पीएम श्रम योगी मानधन -एसवाइएम) से जुड़े 50 करोड़ श्रमिकों को सेवानिवृत्ति पेंशन में सरकारी योगदान का भी प्रस्ताव किया गया था। कुल मिला कर 'मोदी की गारंटी' की छाप इस बार के बजट में भी देखने को मिल सकती है।

### रोजकोषीय घाटे पर कितना होगा असर

आर्थिक सर्वेक्षण में मोदी सरकार ने राजकोषीय घाटा 17.9 लाख करोड़ रुपये यानी 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह अनुमान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 301.8 लाख करोड़ रुपये के अनुमान पर आधारित था। 2023-24 के पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी 296.6 लाख करोड़ रुपये रहने पर यह छह प्रतिशत यानी 17.8 लाख करोड़ रुपये बनता है। यह बजट में तय लक्ष्य के लगभग बराबर है। सरकार ने राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है। यानी वर्तमान के छह प्रतिशत की तुलना में इसमें 1.5 प्रतिशत की कमी लानी होगी। सरकार बाजार मूल्य पर 10.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के साथ 2024-25 में जीडीपी का अनुमान 327.7 लाख करोड़ रुपये रख सकती है। ऐसे में राजकोषीय घाटे में 0.75 प्रतिशत कटौती करने का मतलब है कि व्यय में 2.5 लाख करोड़ रुपये की कमी करनी होगी। यह मुश्किल लगता है। दूसरी तरफ सरकार की लोकलुभावन योजनाओं पर भी खर्च होने की संभावना है।

### प्रत्यक्ष कर से 18.23 लाख करोड़ जुटाने का है लक्ष्य

सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में जून, 2024 तक कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। वहीं, जीएसटी के मोर्चे पर केंद्रीय जीएसटी राजस्व 8.1 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से लगभग 10 हजार करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है। हालांकि, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में करीब 49 हजार करोड़ रुपये की कमी की आशंका है।

इन तमाम चुनौतियों के बीच उम्मीद यही है कि निर्मला ताई की पोटली से कुछ तो राहत निकलेगी और इसके साथ ही आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा भारत इस तरफ एक और मजबूत कदम उठा लेगा।

www.epaper.azadsipahi.in

23 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 273




एसआइ जल्द ही रत्न भंडार की स्थिति की जांच करेंगे: कानून मंत्री

## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज बांटेंगे नियुक्ति पत्र

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते समय घोषणा की थी कि नियुक्ति का यह सिलसिला जारी रहेगा। इसी क्रम में अब मंगलवार को एक बार फिर नियुक्ति पत्र बांटा जा रहा है। मुख्यमंत्री नगर विकास विभाग समेत अन्य विभागों के तकनीकि कर्मियों को नियुक्ति पत्र देंगे। मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट भवन के सभागार में विभिन्न विभागों के लिए चयनित कुल 183 तकनीकी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। जिसमें मुख्य रूप से सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, पाइपलान इंस्पेक्टर, खान निरीक्षक और मोटरयान निरीक्षक शामिल हैं। इस मौके पर मंत्री चंपाई सोरने, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और मंत्री दीपक बरुआ मौजूद रहेंगे।

### नीट के विवादित सवाल की जांच करें : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। नीट मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिजिक्स के दो सही ऑप्शन वाले प्रश्न नंबर 19 की पड़ताल होनी चाहिए। दो सही ऑप्शन देने से 44 अभ्यार्थियों को बोनस अंक मिले और 4.2 लाख अभ्यार्थियों को नुकसान हुआ है। इस पर आइआइटी दिल्ली के एक्सपर्ट्स की राय लेनी चाहिए।

### 132-33 केवी ग्रिड सब स्टेशन बरहेट और 132 केवी पाकुड़ संचरण लाइन का उद्घाटन

# गांव को भी रोशन कर रही है राज्य सरकार : हेमंत सोरेन

- राज्यवासियों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्य रूप से आने का उद्देश्य ग्रामीणों के घरों को रोशन करना है। शहर का घर हो या फिर गांव की झोपड़ी, अब सभी घर रोशन हो रहे हैं। यही हमारा उद्देश्य है। हर घर ऊर्जा, हर घर बिजली की उपलब्धता प्राथमिकता है। सीएम बरहेट और पाकुड़ बिजली सब स्टेशन ग्रिड के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंडवासियों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आती है कि किसी के घर में मीटर नहीं लगा है। इसके बावजूद बिजली का बिल आ रहा है। इन सभी शिकायतों पर 24 जुलाई को होने वाले कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया जायेगा।



### नियुक्ति का सिलसिला जारी रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिर से आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ होने जा रहा है। जल्द सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम उम्र की पात्र महिलाओं को सम्मान राशि देगी। लगभग 40 लाख महिलाएं इस योजना के दायरे में आयेंगी और उन्हें योजना के लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द पुलिस बहाली के लिए दौड़ का आयोजन होगा। इसकी तैयारी हो गयी है। नियुक्ति देने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

### फोकस

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16581.866 लाख की पांच योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 7064 लाख रुपये का उद्घाटन और 9517.866 लाख की चार योजनाओं की आधारशिला रखी। 1039 लाभुकों के बीच 3880.955 लाख की परिसंपत्तियां बांटी।

### प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा राजमहल का शिवगादी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल स्थित शिवगादी को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता है। श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालु यहां आते हैं और लंबी दूरी तय कर महादेव पर जल अर्पित करते हैं। राज्य सरकार ने तय किया है कि यहां सीढ़ियों के साथ रोप-वे की व्यवस्था हो, ताकि यहां और भी श्रद्धालु आयें। आने वाले समय में यह धार्मिक स्थल उच्चस्तरीय सुविधाओं से आच्छादित होगा।

### संसद का मानसून सत्र शुरू, हंगामा

# आज आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

- राहुल ने नीट मामले पर सरकार को घेरा
- सरकार ने पेश की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को सुबह 11 बजे संसद में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस बजट पर सभी की निगाहें हैं। उधर, सत्र के पहले दिन विपक्ष ने नीट को लेकर हंगामा किया, तो सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की।

**राहुल और प्रधान में हुई तीखी बहस:** मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नीट में हुई गड़बड़ी पर बोल रहे थे। इस दौरान विपक्ष ने हंगामा किया और उनके इस्तीफे की मांग की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में है। कोर्ट का जो भी निर्देश होगा, हम उसे मानेंगे।

### विपक्ष ने पिछले सत्र में प्रधानमंत्री का गला घोंटा: नरेंद्र मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को मीडिया को संबोधित किया। मोदी ने सत्र के दौरान सरकार के एजेंडे और केंद्रीय बजट पर बात की। उन्होंने कहा कि यह बजट अगले पांच साल की दिशा तय करेगा और 2047 में विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। मोदी ने जून में सरकार बनने के बाद लोकसभा के पहले सत्र में विपक्ष के हंगामे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि संसद दल के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए है। 140 करोड़ देशवासियों ने बहुमत के साथ जिस सरकार को चुना, पहले सत्र में उसकी आवाज को कुचलने का अलोकतांत्रिक प्रयास हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद के समय का इस्तेमाल किया। देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। ढाई घंटे मेरी आवाज दबाने की कोशिश की। लोकतांत्रिक परंपराओं में ऐसे आचरण का कोई स्थान नहीं हो सकता। इसका कोई पश्चाताप तक नहीं है।

### हर साल 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

संसद में सोमवार को आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पेश किया गया। इसमें कहा गया है कि सरकार ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की। इससे रिटेल ईंधन महंगाई दर वित्तीय वर्ष 2024 में नीचे बनी रही। वहीं इसमें वित्त वर्ष 2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.5 से 7% रहने का अनुमान लगाया गया है। आर्थिक सर्वे में ये भी कहा गया है कि बढ़ती वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए सालाना लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। एग्रीकल्चर सेक्टर को खराब मौसम, घटते जलाशयों और फसलों के नुकसान के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा।




## चेपाखुर्द में सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम चेपाखुर्द में विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से सीपीएल (चेपा खुर्द प्रीमियम लीग) मैच का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़कागांव प्रखंड और केरेडारी प्रखंड के कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। इस प्रीमियम लीग का उद्घाटन इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज के द्वारा फीता काटकर और क्रिकेट शॉट लगा कर मैच का उद्घाटन किया गया। मैच उद्घाटन करने के पश्चात खिलाड़ियों को संबोधित और बधाइयां देते हुए अंकित राज ने कहा की बड़ी खुशी होती है जब इस तरह के खेल का आयोजन होता है जिससे की गांव के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, साथ ही साथ अगर कोई अच्छा खेलता है तो वह अपना कैरियर खेल में भी बना सकता है, आगे उन्होंने आयोजक टीम को धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह के खेल का आयोजन होता रहे, जिससे की हम सभी युवाओं को एक साथ मिलने का मौका मिलता रहे। चेपाखुर्द प्रीमियम लीग के आयोजकों ने कहा की इस टीम में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। जिससे की सभी टीमों को जर्सी और विजेता टीम को 9999 और उपविजेता टीम को 5555 और कप देकर सम्मानित किया जायेगा। इस मैच का लाइव स्कोर आप क्रिकहिरोस में देख सकते हैं। इस कार्यक्रम में इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज, कांग्रेस युवा नेता रोहित सिंह, पदुम साव, रियासत हसन, समाज सेवी आरिफ इकबाल, सीताराम साव, आयोजन कर्ता सुरेंद्र राम, रागिब अफजल, विक्की करमाली, सोनू, सद्दाम, बबलू, बबन, अमित, अनिल, रहमत, राजेंद्र,पप्पू, बबलू, नीरज और अन्य लोग उपस्थित थे।

## तीजा खेल के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। यादे हुसैन मुहर्रम कमेटी कर्बलानगर, दरगाह मुहल्ला, चौक मुहल्ला, शाहगंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीजा खेल में कोडरमा हजारीबाग गिरिडीह जिले के आधा दर्जन टीमों ने भाग लिया। दिनभर टीमों के द्वारा बारी बारी से लाठी, भाला, तलवार, गंड़ासा, बाना समेत कई जोखिम भरे खेलों का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता मे इस्लामिया क्लब दुल्हो गिरिडीह ने खेल के दौरान अपना करतब दिखाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान हुसैनी क्लब खरखार कोडरमा, तीसरा स्थान यलगार क्लब गिरिडीह तथा चौथा स्थान वाई एम सी क्लब गिरिडीह ने प्राप्त किया। सभी टीमों को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप अध्यक्ष कोडरमा रामधन यादव, राजद जिला महामंत्री डॉ सरफराज नवाज के द्वारा शील्ड व कप देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खिलाड़ियों ने जो भी खेल दिखाया काफी जोखिम भरे खेल थे। मौके डॉ अंसार आलम, तौकीर अहमद, साकीर अहमद, रविशंकर तिवारी मंटू, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सरफुद्दीन अंसारी, महताब आलम, शाबिर अली, मकबूल अंसारी, एरकान शाह, अबुल रजा नौसाद अंसारी समीम अंसारी, इल्यास अंसारी, मजहर अंसारी, महबूब अंसारी, कौसर शाह, जावेद मुखिया, तोहिद अवैसी, मकबूल आलम, मिन्हाज अंसारी, हबीब मस्तान, करीम अंसारी, इमरान आलम, सोहराब आलम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रेरणा शाखा ने वृद्धाश्रम में रक्त जांच शिविर का किया आयोजन



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच की स्थापना दिवस के अवसर पर झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा 9 पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में आयोजित 9 दिवसीय कार्यक्रम के इस कड़ी में आठवें दिन पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में विशेष रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वृद्धाश्रम में हीमोग्लोबिन जांच के लिए समर्पित था। यह 9 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य प्रांतीय अध्यक्षों के योगदान को सम्मानित करना और समाज में सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना है। शाखा के द्वारा वृद्धाश्रम में हीमोग्लोबिन जांच शिविर स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्णता को समझने और बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मौके पर अध्यक्ष सारिका लड्डा ने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों का स्वास्थ्य हमारे समाज की जिम्मेदारी है, और ऐसे शिविर उनके स्वास्थ्य की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया और सचिव शीतल पोद्दार ने कहा कि समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज ने हमेशा से ही समाज सेवा को प्राथमिकता दी है। यह 9 दिवसीय कार्यक्रम पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के योगदान को सम्मानित करने और समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा, और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने की उद्देश्य से आयोजित किया गया है। सचिव शीतल पोद्दार ने बताया आगामी दिनों में भी इसी तरह के कार्यक्रम शाखा के द्वारा आयोजित किये जाते रहेंगे। इस 9 दिवसीय कार्यक्रम द्वारा झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा ने न केवल अपने प्रांतीय अध्यक्षों का सम्मान किया बल्कि समाज के प्रति अपने जिम्मेदारी को भी निभाया। मौके पर ज्योति अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, वृद्धाश्रम की वार्डन स्वीटी कुमारी, मीना हिसारिया आदि उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य मनरेगाकर्मी संघ का कोडरमा में धरना



चंदवारा (आजाद सिपाही)। सोमवार से झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी संघ प्रदेश कमेटी के आह्वान पर मनरेगा संघ जिला इकाई कोडरमा के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। धरना के माध्यम से झारखंड सरकार के द्वारा मनरेगा कर्मियों के संविदा संवाद में किये गये आश्वासन के अंतर्गत स्थाईकरण करने का वादा हेमंत सरकार द्वारा किया गया था। लेकिन सरकार के कार्यकाल का साढ़े चार वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी स्थाईकरण के वायदे को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। राज्य में लगभग साढ़े 5000 मनरेगा कर्मी है जिसमें बीपीओ, एइजे, कंप्यूटर सहायक, लेखा सहायक, ग्राम रोजगार सेवक है। सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में मनरेगा कर्मियों में काफी रोश है। मौके पर जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, जिला सचिव विजय राय, जिला महासचिव रामशरण कुमार, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, राजकुमार दास, वसंत कुमार शर्मा, मंजूर अंसारी, राजेन्द्र यादव, महेश दास, विभूति भूषण, संजय राही, गोपाल राणा, विजय कुमार रजक, रंजन कुमार, नदीम अंसारी, संजय पासवान, चंदन कुमार, राहुल कुमार, विजय कुमार, विजय पंडित, अनिल कुमार, रविकांत रवि, राजेन्द्र साव, रंजन सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, मनीष कुमार, अजित सरकार, रघुनाथ यादव, अफाक आलम, धीरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, विकास सिंह, सतेंद्र कुमार समेत सभी विंग के मनरेगा कर्मी धरना में शामिल हुए।

# लोहा लदा ट्रेलर घाटी में पलटा, दो की मौत

**एक गंभीर रूप से घायल**

**ट्रेलर में बंगाल से लोहा लोड करके बिहार की तरफ जा रहा था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में सोमवार की सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना में कोडरमा थाना अंतर्गत घाटी नौवां माइल के पास लोहा लदे एक ट्रेलर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान मुन्ना राय (उम्र 40 वर्ष, पिता योगी राय ग्राम मोतिहारी) और पांची लाल राय (उम्र 48 वर्ष, पिता बुधन राय, ग्राम हाजीपुर) के रूप मे हुई है। वहीं रमेश यादव (पिता देवन यादव ग्राम प्राव, चंपारण बिहार) गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर में बंगाल से लोहा लोड करके बिहार की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कोडरमा घाटी में अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट गया। ट्रेलर के केबिन ने तीन लोग सवार थे जो बुरी तरह से फंस गये। इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से तीनों को बाहर निकाला। इसके बाद तीनों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां मुन्ना राय और पांची लाल राय को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर के ड्राइवर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान करोंजिया निवासी लक्ष्मण भुइयां (उम्र 30 वर्ष, पिता नंदू भुइयां) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार चालक ट्रैक्टर लेकर भोंडो की तरफ जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और चालक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर चंदवारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर-के परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों रो-रो कर बुरा हाल है।

### टेंपो चालक संघ (सीटू) ने किया समाहरणालय पर प्रदर्शन

# रूट परमिट देने और नेशनल हाइवे में टोटो पर प्रतिबंध की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** सीटू और झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के बैनर तले टेंपो चालक संघ ने सोमवार को समाहरणालय पर प्रदर्शन कर नेशनल हाईवे पर टोटो चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इससे पूर्व समाहरणालय परिसर से एक जुलूस निकाला गया और रांची पटना रोड, अनुमंडल कार्यालय होते हुए जिला परिवहन कार्यालय के समक्ष पहुंच जमकर नारेबाजी की गयी। बाद में वापस समाहरणालय पहुंचकर जुलूस धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष मो रफीक की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कई महीनों से टेंपो चालक अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इन मांगों को लेकर दो सप्ताह पहले जिला परिवहन पदाधिकारी से सीटू और संघ का प्रतिनिधित्व मिला था, जिसमें उन्होंने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूरे देश में रेलवे स्टेशन परिसर में ऑटो चलता है, लेकिन झुमरीतिलैया में कुछ अलग ही व्यवस्था है। यहां भी रेलवे स्टेशन पर ही टेंपो स्टैंड बनाया जाना चाहिए। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि टोटो क्योंकि बैटरी से चलता है, इसलिए वह एक पैसेंजर भी लेकर चला जाता है, जबकि टेंपो डीजल व पेट्रोल से चलता है बिना सवारी भरे चलने पर उनको नुकसान होता है और टोटो के कारण उनको आगे भी सवारी नहीं मिलती है। जिला महासचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि टेंपो और टोटो का रूट अलग अलग होना चाहिए ताकि दोनों का भरण-पोषण हो सके। प्रदर्शन के बाद छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिला परिवहन पदाधिकारी से मिलकर मांग पत्र सौंपा, जिस पर उन्होंने तीन दिनों के अंदर ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में माइका वर्कर्स यूनियन के महेन्द्र तुरी, ऑटो रिक्शा परिवहन संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष हीरा सिंह, झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के जिला सचिव चंदन कुमार सिंह, विजय शर्मा, महेश राम, शिवा रजक, संजय कुमार, शंकर ठाकुर, दिनेश साव, चेतलाल साव, विकास कुमार शर्मा, भातु सिंह, अजय यादव, अशोक यादव, राजु साव, महेन्द्र यादव, सुरेश गुप्ता, राजकुमार साव, लियाकत अली, आशिष दास, रामचंद्र पंडित सहित अन्य टेंपो चालक मौजूद थे।

## प्रदीप प्रसाद ने सेंट ग्रेबियल हाइस्कूल में किया पौधरोपण

हजारीबाग। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा 5 जून से प्रारंभ हरियाली महोत्सव एक नई उम्मीद की ओर अग्रेषित होता नजर आ रहा है इसी बीच सदर विधानसभा क्षेत्र की सदर प्रखंड के गुरहेत में सेंट ग्रेबियल हाई स्कूल धवैया में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद शामिल हुई विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रदर जौर्ज तिर्की के द्वारा भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का स्वागत और अभिनंदन किया गया जिसके बाद श्री प्रसाद ने बच्चों के संग मिलकर विद्यालय परिसर में हरियाली महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया, इसके उपरांत बच्चों के बीच पौधा का वितरण किया गया। बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश की गयी। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण मुहिम पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पौधे न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभकारी होते हैं वर्तमान और आने वाली पीढ़ी भी इसका कई फायदे ले सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की। मौके पर केदारनाथ मंडल, ब्रदर पिटर पन्ना, ब्रदर मतियस बारला, ललिता टोप्पो, ज्योतिन कुजुर, संजय महतो, मूलचंद टुडू, कृष्टीना सुरीन, बीना मिंज, निखत प्रवीण, बिनोद कुमार, जनेरियस टोप्पो सहित कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, कहा

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करें

**अवैध खनन और परिचलान की आ रही शिकायत पर उपायुक्त ने जतायी नाराजगी**

**बालू और कोयला ढुलाई वाले वाहनों की गहनता से करें जांचः उपायुक्त**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आज सोमवार को समाहरणालय सभागार में माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा की खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है इसलिए यह आवश्यक है की सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्योंको अंजाम दे। राज्य स्तर पर खनन विभाग की गहन और गंभीरता से समीक्षा की जाती है, इसलिए तत्काल प्रभाव से अवैध खनन, कोयला और बालू उठाव के मामलों पर प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने एनजीटी के तहत निहित प्रावधानों के अनुरूप अंचल व अनुमंडल स्तर पर उक्त वाहनों के परिचालन पर सख्ती से निगरानी रखने के निर्देश दिए।

जिला में कूल 9 चेकपोस्ट संचालित है ताकि किसी भी क्षेत्र से हो रही अवैध बालू और कोयले की ढुलाई पर नकेल कसी जा सके इसलिए यह आवश्यक है कि चेकपोस्ट पर सख्त निगरानी की जाये। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की चेतावनी देते हुए अंकुश लगाने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफियाओ पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार,जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, डीटीओ बैद्यनाथ कामती,एसडीपीओ,डीएसपी,सभी अंचलाधिकारी, सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखियाओं ने खोला मोर्चा, बैठे धरना पर

**मुखिया ने एक स्वर में कहा की ब्लॉक और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया ब्लॉक और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभी मुखिया सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये हैं। अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर मेहता और संचालन परासी मुखिया अशोक कपरदार ने किया। धरना में उपस्थित मुखिया ने एक स्वर में कहा की ब्लॉक और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। सीओ बीडीओ मनमानी पर उतर आये हैं। आज प्रखंड के सभी मुखिया और जनप्रतिनिधि इनके रवैए से परेशान हो गये हैं। तब जाकर हमलोग धरना पर बैठने के लिए बाध्य हुए है। जब तक जनता की समस्या और हमारी सात सूत्री मांग को लेकर प्रखंड प्रशासन या जिला प्रशासन मानने का आश्वासन नहीं देता और वार्ता नहीं करता तब तक धरना जारी रहेगा। धरना में मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता ने कहा की आज सात सूत्री मांग को लेकर इचाक प्रखंड मुखिया संघ प्रखंड मुख्यालय में धरने पर बैठा है। मुखिया संघ ने सात सूत्री मांग रखा है जिसमें मनरेगा का सारा कार्य पंचायत सचिवालय से करने, मनरेगा के आइडी पासवर्ड पंचायत को उपलब्ध कराने, 15 वीं वित आयोग की मापी पुस्तिका पंचायत से निर्गत करने, सहायक अभियंता को दो दिन प्रखंड मुख्यालय में बैठने, प्रत्येक पंचायत में एक दिन कैंप लगाकर दाखिल खारिज करने, प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के अलावा पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बिएफ्टी, राजस्व कर्मचारी, कनीय अभियंता को पूर्ण रूप से बैठना सुनिश्चित करने की मांग शामिल है। धरना को उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, पूर्वी जीप सदस्य रेनू देवी, युवा नेता गौतम कुमार ने भी समर्थन दिया। मौके पर डूमरौन पंचायत मुखिया चोहन मेहता, बोंगा मुखिया उमेश मेहता, बरियठ मुखिया निशु कुमारी, अशोक राम, सिकंदर राम, नंदकिशोर मेहता, सुनीता देवी, मंजू देवी, वीना देवी, मोदी मेहता, किरण देवी, सीता कुमारी, पंसस बिक्की धवन, महेंद्र पांडे, कुशलचंद मेहता, दयानंद कुमार, चंदन मेहता, राकेश मेहता, ओमप्रकाश मेहता, महेंद्र दास समेत कई उपस्थित थे।

## पहली सोमवारी पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न शिव मंदिरों और महूदि पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रावण के प्रथम सोमवारी को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 500 सौ मीटर ऊंची तलहटी पहाड़ पर चढ़ कर बुढ़वा महादेव मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं बादम के पंच बहनी मंदिर से जल उठा कर पैदल यात्रा कर जलाभिषेक किया। इसके साथ बुढ़वा महादेव मंदिर 10000 से ज्यादा लोगों ने पहले दिन श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया। बूढ़वा महादेव पहाड़ श्रावणी मेले को लेकर काफी बहुचर्चित है। यहां झारखंड के विभिन्न जिलो से शिवभक्त जल चढ़ाने और पूजा-अर्चना करने आते हैं। बुढ़वा महादेव झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले से 30 किलोमीटर और बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर में बुढ़वा महादेव मंदिर स्थित हैं, यहां भगवान शंकर, मां पार्वती, भगवान गणेश की पूजा की जाती है। बगल में बजरंगबली और छातीशो माता के रूप में नीम का पेड़ की पूजा की जाती है।

## प्रथम सोमवारी में टाटीझरिया हुआ भक्तिमय



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अभी भक्तिमय हो गया है जहां-जहां शिव मंदिर है सभी शिवालयों में ॐ नमः शिवाय से गूंज उठा है प्रखंड श्रावण मास के प्रथम सोमवारी में श्रद्धालुओं ने शिवलयों में जाकर जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना किया शिवभक्तों द्वारा शिवलयों में भजन कीर्तन किया जा रहा है इधर महिला समूहों द्वारा भी पूजा अर्चना कर भजन किया जा रहा है। प्रखंड के खैरा, बेडमक्का अमनारी झरपो, भराजो, नरायनपुर खंभवा, धर्मपुर, बैडम, केसड़ा टाटीझरिया डहरभंगा सहित शिववालयो में प्रथम सोमावरी में जल चढ़ाने भक्त की भीड़ लगी हुई है इस वर्ष पांच सोमवारी पड़ रही है श्रावण के पावन पवित्र माह और प्रथम सोमवारी पर प्रखंड के जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधि ने सभी को शुभकामना दिया।

## गुरु पूर्णिमा पर 12 घंटे का जप दीप यज्ञ और हवन



डोमचांच (आजाद सिपाही)। गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर 12 घंटे का जप दीप यज्ञ और हवन यज्ञ के साथ नामकरण संस्कार, गर्भोत्सव संस्कार के साथ 142 पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार मेहता, लखन लाल दीक्षित, रामस्वरूप जी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सूरज गुप्ता, शिव कुमार वर्णवाल, शीला वर्णवाल, रेखा देवी, पूनम देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, सुनीता साव, सविता यादव, डेगनी देवी, उषा देवी, आशा वर्णवाल, नीतू देवी, बबीता वर्णवाल, नन्हकु शर्मा, नारायण साव, रेखा साव, चमेली देवी, विमला विश्वकर्मा, पुष्पा देवी, संजय कुमार मोदी सहित सैकड़ों परिजनों ने भागीदारी लिया।

## सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में पवित्र माह श्रावण मास के प्रथम सोमवार को विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करते हुए अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। प्रखंड के घोड़सीमर धाम स्थित शिव मंदिर, महेश्वरनाथ धाम स्थित शिव मंदिर, पेट्रो जलप्रपात शिव मंदिर, धर्मसागर स्थित शिव मंदिर, बाली महादेव, दुखिया महादेव, कटहरा शिव मंदिर, मरचोई शिव मंदिर, खुट्टा स्थित शिव मंदिर, नावाडीह सहित अन्य गांवों के शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सबसे से ज्यादा भीड़ घोड़सीमर स्थित शिव मंदिर व महेश्वरनाथ धाम बाबा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## कुष्ठ रोग संबंधी दिया गया प्रशिक्षण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम बैच एएनएम को सोमवार को कुष्ठ रोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि कुष्ठ मरीज सबसे पहले एएनएम के पास ही पहुंचते हैं। जिसके कारण एएनएम का प्रशिक्षण जरूरी है ताकि क्षेत्र में कुष्ठ रोग का बेहतर इलाज और प्रबंधन हो सके। प्रशिक्षक के रूप में राज्य से आये काशीनाथ चक्रवर्ती मौजूद थे। काशीनाथ चक्रवर्ती ने जिले के सभी प्रखंडों में पदस्थापित एएनएम को कुष्ठ रोग के पहचान और उपचार के साथ कुष्ठ रोग से होने वाले विकलांगता की रोकथाम, रिएक्शन मैनेजमेंट, एमडीटी, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, और कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में फिजियोथैरेपिस्ट राजीव रंजन, कुणाल, अजीत कुमार, अरुण सिंह और प्रशिक्षण हेतु आए हुए एएनएम निर्मला कुमारी, विनीता, सबिता कुमारी, रेणु कुमारी, पिंकी कुमारी, सुशीला कुमारी, कुमारी रंजना, पुष्पा कुमारी, सुधा कुमारी, सोनी कुमारी, ज्योति किरण कुजूर, सुनीता कुमारी, सबनम आरा, मंजू, रीता कुमारी, हिरामन ज्योति, संध्या, गीता कुमारी, कुमारी मनोरमा, सरिता कुमारी, कुसुम कुमारी आदि मौजूद थे।

## सुबोध सिंह बने भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश संगठन ने हजारीबाग के केसुरा गांव निवासी भाजपा शिक्षा-प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिक्षाविद् सुबोध सिंह को भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ झारखंड का सह-संयोजक मनोनित किया है। इन्हें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के चार जिले हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और राजगढ़ का प्रभार दिया गया। इस दायित्व के लिए श्री सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ उमाशंकर केडिया और संगठन के सभी पदाधिकारियों का अभार प्रकट किया।

## रामगढ़ विधायक ने किया चितरपुर प्रखंड और अंचल कार्यालय का निरीक्षण

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने सोमवार को चितरपुर प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां उन्हें कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं मिले। जिससे वे काफी नाराज हो गयी। सर्वप्रथम वे बीडीओ कार्यालय घुसे, जहां उन्हें पता चला कि चितरपुर बीडीओ ज्ञानमनी एक्का छुट्टी पर गये हुए हैं। इसके बाद उन्होंने नाजिर और बड़ा बाबू के कार्यालय में गये। वहां भी उन्हें कोई नहीं मिला। पूछे जाने पर प्रखंड के कुछ लोगों ने बताया कि दोनों अधिकारियों के अलावे सभी मनरेगा कर्मी हड़ताल पर चले गये हैं। इसके बाद वे सीडीपीओ कार्यालय पहुंची। सीडीपीओ भी वहां नहीं मिली। वह कुछ काम मे जिला गयी हुई थी। इसके बाद वे सुपरवाइजर कक्ष में गयी। जहां उन्हें सुपरवाइजर के अलावे दर्जनों आंगनबाड़ी की सेविकाएं मिली। उनसे उन्होंने आंगनबाड़ी के संबंध में पूछताछ की और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में लाने का निर्देश दिया। इसके बाद वे अंचलाधिकारी कक्ष में गयी। तो उन्हें पता चला कि अंचलाधिकारी दीपक मिंज किसी काम को लेकर जिला मुख्यालय गये हुए हैं। इसके बाद वे अपने कक्ष में पहुंचकर प्रखंड कर्मियों से उपस्थिति पंजी मंगाकर जांच की। इसी बीच चितरपुर अंचलाधिकारी दीपक मिंज और सीडीपीओ रेणुका कुमारी वहां पहुंची। इसपर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि अगर इसी तरह से अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं रहे, तो जनता का काम कैसे होगा। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा, जेएसएलपीएस की अंजना सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमिताभ गौरव सहित कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# रामगढ़ में एक जमादार की मौत के बाद हिल गया पुलिस महकमा

- हटाये गये रामगढ़ के एसपी, थानेदार संस्पेंड, जांच के आदेश
- न्यायिक प्रक्रिया से हुई पूरी कार्रवाई, परिजनों का सलामी कराने से इनकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ के ट्रैफिक थाना में पदस्थापित एएसआइ (जमादार) राहुल कुमार सिंह की मौत से झारखंड पुलिस महकमा हिल गया। उसकी मौत को लेकर अभी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। उसने आत्महत्या की है या उसकी मौत तनाव के बाद किसी जहरीले पदार्थ खाने के बाद हुई है या फिर वह बीमारी से ग्रसित था। राहुल की मौत ने पूरे सिस्टम को हिला दिया है। रविवार को शाम सात बजे से लेकर रात के एक बजे तक पूरे घटनाक्रम को हम सिलसिलेवार ढंग से बता रहे हैं। इस घटना के बाद रामगढ़ के एसपी डॉ विमल कुमार का तबादला रात के 12.30 बजे कर दिया गया। रात में ही 11 बजे रामगढ़ के टाउन थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को सस्पेंड कर दिया गया और उनसे एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जमादार की मौत की जांच के आदेश दिये हैं। जांच हजारीबाग के डीआइजी करेंगे। राहुल सिंह की मौत ने धनबाद में हुई इंस्पेक्टर की मौत की याद ताजा कर दी।

**क्या है घटनाक्रम :** रविवार को रामगढ़ से बरकाकाना जानेवाले रास्ते में बंजारी चेकपोस्ट के पास जमादार राहुल सिंह को उल्टी होती है और फिर उसकी तबीयत बिगड़ने लगती है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, जहां मौत हो जाती है। उसकी मौत ने पुलिस महकमे को हिला दिया। उसे उस अपराध को स्वीकार करने का दबाव था, जिसे उसने किया ही नहीं था। रांची से रात में ही परिजन रामगढ़ पहुंच गये थे। जम कर रामगढ़ पुलिस पर आरोप लगाया। परिजन आरोप लगा रहे थे कि उस पर ऐसा दबाव था कि उसने आत्महत्या कर ली। अभी मामला सलटता कि अचानक रामगढ़ की सभी गलियों में सायरन गूंजने लगा। हजारीबाग से आयुक्त, डीआइजी रामगढ़ पहुंचे।

**राहुल सिंह पर क्या था दबाव :** रांची में आरक्षी के पद पर तैनात राहुल सिंह का तबादला प्रोन्नति के बाद रामगढ़ किया गया था। रामगढ़ थाना में जमादार के रूप में जब पदस्थापित था, तब चोरी की एक घटना हुई थी। इसका अनुसंधानक राहुल को बनाया गया था। उसी मामले में थानेदार अजय कुमार साहू के निर्देश पर अनिकेत नामक एक आरोपी को थाना लाने का निर्देश हुआ। राहुल इसके लिए भी तैयार नहीं था। आरोप है कि वह अनिकेत को थाना लाया, जहां उसने आत्महत्या कर ली। यह घटना इसी साल 21 फरवरी को घटी है। इस मामले में उस समय के एसपी ने दो जमादार और दो आरक्षियों को निलंबित कर दिया था। आत्महत्या का एक अलग से केस रामगढ़ थाने में हुआ और इसका भी अनुसंधानक राहुल को बनाया गया। नियमानुसार आत्महत्या के मामले का अनुसंधानक जमादार स्तर का अधिकारी नहीं बन सकता। इस मामले में मानवाधिकार आयोग ने भी रिपोर्ट मांगी थी। राहुल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई हुई थी। उसके खिलाफ आरोप सिद्ध करने की कोशिश भी की गयी थी। वह छुट्टी पर चला गया था। लौटा तो एसपी को पूरी घटना की जानकारी दी। एसपी ने कुछ नहीं किया। उसका तबादला ट्रैफिक में कर दिया गया। जब वह केस का चार्ज देने रामगढ़ थाना गया, तो चार्ज भी नहीं लिया गया। उसे कहा गया कि मामला वह खुद देखे। इससे वह और परेशान हो गया।

### एक जज के कॉल के बाद रेस हो गये थे सीनियर अफसर

रविवार को रात में रांची से एक माननीय न्यायाधीश का फोन रामगढ़ के एक न्यायाधीश को जाता है। उसके बाद फिर क्या था। रामगढ़ में बैठने वाले अधिकांश जज उस अस्पताल में पहुंचे, जहां राहुल का शव बरामद हुआ। पुलिस के अधिकारियों को अंदर जाने से रोक दिया गया। रामगढ़ के सारे पुलिस अधिकारी वहां पहुंच चुके थे। रात में तय हुआ कि पोस्टमार्टम रिम्स में होगा। वहीं हुआ भी। इसके बाद उसके शव को सलामी देने की बारी आयी तो परिजनों ने इनकार कर दिया।

### विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी रामगढ़ पुलिस को किया था फोन

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी रामगढ़ पुलिस को फोन किया था और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया था।

### थानेदार के निलंबर से संतुष्ट नहीं थे न्यायाधीश

एक न्यायाधीश सिर्फ थानेदार के निलंबन से संतुष्ट नहीं थे। उनका कहना था कि जब उसने प्रताड़ना की जानकारी एसपी को दी थी, तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी। उसके बाद एसपी का तबादला कर दिया गया।

## अजय कुमार रामगढ़ के एसपी बने



रामगढ़(आजाद सिपाही)। स्पेशल ब्रांच के एसपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार को रामगढ़ जिले का एसपी बनाया गया है। इस संबंध में सोमवार को तबादला आदेश जारी किया गया है। गौरतलब है कि इससे सरकार ने रविवार की देर रात रामगढ़ एसपी के पद पर पदस्थापित डॉ विमल कुमार का सरकार ने तबादला कर दिया था। विमल कुमार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया था।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर




कुजू (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा ने सदर ब्लड बैंक टीम के सहयोग से सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के सम्मान में कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। आयोजित शिविर में 16 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर में मुख्य रूप से पंचायत मुखिया राकेश कुमार और मुख्य संयोजक राहुल अग्रवाल शामिल रहे। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहता है, आज कुजू क्षेत्र में मंच ने पहला रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। कहा कि कुजू के लोगों के लिए रक्तदान शिविर का अनुभव प्रथम ही है। ऐसे में लोगों का उत्साह देखकर हम काफी हर्षित है, बस सिर्फ यहां के लोगों में जागरुकता और फैलाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग हमारे इस मुहिम से जुड़ सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुजू के रक्त मोटिवेटर दानिश खान, राकेश कुमार, मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, सदस्य अमित अग्रवाल, नीलींद अग्रवाल, सहित युवा सदस्य रितिक परसरामपुरीया, साकेत चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, हनी अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल के अलावे सदर ब्लड बैंक की टीम के डॉक्टर रेणु, पंकज कुमार, अजय चित्रा, उपेन्द्र साहू, अजीत कुमार, अरनीशा कुमारी, शिवानी कंडूलना का सराहनीय योगदान रहा।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को मिला तीन अवार्ड



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब जिला 322 ए के सत्र 2023-2024 का अवार्ड शिरोमणि रविवार को कांके रोड रांची स्थित हवेली बैंक्विट हॉल आयोजित की गयी। पूर्व जिला पाल पीएमजीएफ लायन कमल जैन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को तीन अवार्ड मिला। इसमें सत्र 23-24 की अध्यक्ष माला शर्मा को बेस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड दिया गया। साथ ही पतरातू लेक रिजॉर्ट में फोर्थ कैबिनेट के सफल आयोजन के लिए अवार्ड दिया गया। इसके अलाव मिशन 1.5 सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका के लिए भुरकुंडा लायंस क्लब को अवार्ड से नवाजा गया। इस अवार्ड शिरोमणि में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा सत्र 2023-24 के अध्यक्ष माला शर्मा, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, शिवा प्रसाद, विजय वर्णवाल और अखिलेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## चेटर में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चेटर में सोमवार को आजसू पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव की समीक्षा और विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की बीते लोकसभा चुनाव में हजारीआग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की भारी मतों से जीत में आजसू कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा था। कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आजसू कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी को मत दिलवाने के लिए कड़ी धूप में भी मेहनत की और मतदाताओं के घर घर जाकर उनसे एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करके मनीष जायसवाल को विजय बनाया। श्री महतो ने कहा की लोकसभा चुनाव में हमारी रणनीति सफल रही और हजारीबाग लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी विजय हुए। वहीं, मनोज कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं से कहा की अब हम सभी को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है। कहा की इसके लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं और पार्टी संगठन को मजबूत बनाएं। कहा की पार्टी कार्यकर्ता रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लोगों से घर घर जाकर मिलें और उनकी जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर करने में उनकी मदद करें। साथ ही कार्यकर्ता लोगों को पार्टी की नीति और सिद्धांतों से अवगत करायें। कहा कि आजसू गरीब, दलित, पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करती रही है और आने वाले समय में भी करती रहेगी। मौके पर डालचंद ओहदार, जयशंकर प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, विष्णु बेदिया, मोहरलाल पाहन, मदन महतो, मुकेश मुंडा, भीखमंग मुंडा, रोशन मुंडा, टाइगर महतो, मंजू देवी, अनीता देवी, दिलीप कुमार, शिवम महतो, विकास महतो आदि उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद का पदस्थापना समारोह संपन्न

# समाज के हितों के लिए भारत विकास परिषद कर रही है बेहतर कार्य: अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का पदस्थापना समारोह रविवार को शहर के मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में संपन्न हुआ। पदस्थापना समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी शामिल हुए। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अमर कुमार बाउरी, परिषद के अध्यक्ष हरीश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व भारत विकास परिषद द्वारा मुख्य अतिथि के आगमन पर उन्हें बुके और अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। इस बाद भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के पूर्व अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया ने स्वागत भाषण दिया। वही, नए सत्र के चुने गये अध्यक्ष हरीश चौधरी और उनके टीम को शपथ दिलाया गया। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष अमित साहू ने नये अध्यक्ष हरीश चौधरी को पदभार सौंपा। नई टीम को शपथ भारत विकास परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी वाल्मीकि ब्रह्मरसी ने दिलाई। इसके बाद भारत विकास परिषद से जुड़ने वाले नये 17 सदस्यों को सदस्यता दिलाया गया। जिनका परिचय उमेश राजगढ़िया ने कराया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि अमर कुमार बाउरी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत खुशी के बात है कि आज संस्था के नए अध्यक्ष पद ग्रहण कर रहे हैं। भारत विकास परिषद समाज के अच्छे कार्यों को करता आ रहा है जो सरहानीय है। रामगढ़ में भारत विकास परिषद सामूहिक विवाह में एक स्थान ग्रहण किया है। भारत विकास परिषद ने अब तक 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह कर चुका है जो यह एक यादगार पल होता है।

**ये थे उपस्थित:** मुख्य रूप से संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़, छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह, अनूप कुमार, मनजीत साहनी, छावनी पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, वरिष्ठ नेता संजय सिंह, ज्ञानब्रह्म पाठक, प्रवीन मेहता, रणजीत सिन्हा, धनंजय कुमार पुटुस, प्रदीप सिंह, मनजीत साहनी, इंद्रपाल सिंह सैनी, विमल बुधिया, राजीव जयसवाल, भारत विकास परिषद के सचिव प्रदीप शर्मा, विकास अग्रवाल, मनमोहन सिंह लांबा, भूपत बडेरा, राजकुमार अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, विजय पोद्दार, संजय जैन, डॉ आलोक रतन चौधरी, देवांशु शाहा, मनोज जैन, मनोज मोदी, राजेश अग्रवाल, रेनू मेवाड़, वरुण बगड़िया आदि मौजूद थे।



### समाज के लिए तैयार है भारत विकास परिषद: हरीश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा कि भारत विकास परिषद बहुत ही कल्याणकारी कार्य करते आ रहा हैं, जैसे प्रत्येक वर्ष सामुहिक विवाह करवाना, जरूरत मंदो को छाता, रेन कोर्ट वितरण करना आदि शामिल है। उन्होंने कहा हमारे लायक कभी भी किसी भी तरह का काम हो तो में सदैव तैयार हूं। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद इस वर्ष 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह करायेगा।

## सावन की पहली सोमवारी पर उमड़ी भीड़



कुजू (आजाद सिपाही)। कोयलांचल कुजू व आस-पास क्षेत्र के शिवालयों में सावन माह के पहले दिन सोमवारी होने से जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना, कुजू शिव मंदिर, वन विभाग केबीगेट शिव मंदिर, नया बाजार टांड़ कुजू मंदिर के अलावे, तोपा, ओरला, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, बोंगावार, दिगवार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, पोचरा, पैंकी आदि स्थानों के शिवालयों में अहले सुबह से ही पूजार्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। श्रद्धालु अपने हाथों में बेलपत्र, फूल, धतुरा, नारियल, जल, दूध से भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अपने परिवार के जीवन की मंगल कामना किया। टूटी झरना में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए वोलेंटियर व पुलिस बल तैनात थे।

## शिव मंदिर में भक्तों ने किया रुद्राभिषेक



उरीमारी (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत सयाल स्थित प्राचीन सिदेश्वर नाथ मंदिर में श्रावण माह के पहले सोमवारी को भक्तों ने अहले सुबह लगभग पांच बजे भगवान भोलेनाथ को 21 किलो दूध से रुद्राभिषेक किया। मंदिर के पूजारी ब्रजेश पाठक ने श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराया। साथ ही प्रसाद का भी वितरण किया गया। वहीं उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र के दामोदर नदी स्थित गौरी शंकर मंदिर, पहाड़ी मंदिर, गरसुला शिव मंदिर, पोटंगा शिव मंदिर, चानो शिव मंदिर, लुरुंगा शिव मंदिर सहित शिवालयों में शिव भक्तों ने अहले सुबह से ही पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक कर अपने परिवार के लिए सुखमय जीवन की कामना किया। इस दौरान क्षेत्र के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रुद्राभिषेक करने वालों में निमिशिश पम्मी कुमार, संजय कुमार शर्मा, अर्जुन सिंह, रामविलास यादव, संदीप कुमार, आशा देवी, हरिचंद्र झा, सहित भक्तजन मौजूद थे।

# झारखंड प्रदेश लहेरी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

- ओड़िशा की तर्ज पर लहेरी समाज को मिले अनुसूचित जाति का दर्जा: जितेंद्र लहेरी
- मुख्यमंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का दिया आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड प्रदेश लहेरी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र लहेरी के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र लहेरी ने मुख्यमंत्री से कहा की हमारा समाज आजादी से पूर्व सैकड़ों वर्षों से झारखंड में निवास करते आ रहा है। हमारे पूर्वजो का मूल पेशा लाह से लहठी की चूड़ी बनाने का था। लेकिन पूंजीपतियों के कारण हमलोगों को लाह नहीं मिल पाने के कारण हमारा समाज खानाबदोश की तरह घूम-घूम कर इधर उधर कांच की चूड़ियां बेचने का काम करने लगे। जिसके कारण हमारी जाति की स्थिति काफी बदतर हो गया। हमारी जाति के लोगों के उत्थान के लिए उड़ीसा की तर्ज पर हमारी लहेरी जाति को भी अनुसूचित जाति ( एससी ) का दर्जा देने की कृपा की जाये। इसके अलावे झारखंड लाह कमेटी में लहेरी जाति के लोगों को रखने की भी मांग किया। साथ ही उन्होंने लहेरी जाति को होने वाले विभिन्न समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। इसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उड़ीसा सरकार से कागजात मंगाकर देखा जायेगा कि किस आधार पर लहेरी जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया गया है। साथ ही राज्य पिछड़ा आयोग द्वारा लहेरी समाज का सर्वे कराकर इस पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समाज द्वारा पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपहार स्वरूप लाह से बनी लहठी भेंट किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश लहेरी समाज के संयुक्त सचिव सत्येंद्र लहेरी, कोषाध्यक्ष शंभु लहेरी, संयोजक शिव कुमार लहेरी, संगठन सचिव अनिल लहेरी के अलावे सत्यनारायण लहेरी, बिजय लहेरी, अशोक लहेरी, बलराम लहेरी, प्रेम लहेरी, गणपत लहेरी, गीतांजलि रानी, सुनीता देवी, अनीता देवी, रामजीवन लहेरी, दिलीप लहेरी, विवेक लहेरी, गणेश लहेरी, विकास लहेरी, रामलखन लहेरी सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)
Email - jiidcoltd@gmail.com | www.jiidco.co.in | Phone No. 0651-3512851 | CIN U45208JH2004GO1011078

**NOTICE INVITING TENDER : NIT NO. JIIDCO/06/2024-25**

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or Any Department, \Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below:

| Sl. No. | Tender Ref. No. | Name of Work | Estimated cost (Rs.) | Earnest Money @ 2% of Estimated cost (approx) (Rs.) | Cost of tender Fee (Non Refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 01 | JIIDCO/01/Hunterganj Thana/2024-25 | Construction of officer barrack (20'x64') at Hunterganj Thana, Dist-Chatra. | 29,05,954.00 | 59,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 02 | JIIDCO/02/Pratapur Thana/2024-25 | Construction of police barrack (20'x64') at Pratapur Thana, Dist-Chatra. | 25,64,619.00 | 52,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 03 | JIIDCO/03/Sadar Thana /2024-25 | Construction of police barrack (20'x64') at Sadar Thana, Dist-Chatra. | 25,64,619.00 | 52,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |
| 04 | JIIDCO/04/ Sadar Thana /2024-25 | Construction of police barrack (20'x64') at Sadar Thana, Dist-Chatra. | 25,64,619.00 | 52,000.00 | 5,900.00 | III | 06 months |

a. Tender documents can be purchased from the office of the M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 24.07.2024 to 05.08.2024.
b. Tender will be received on 06.08.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 06.08.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
**Note : For any information/complaints the department Helpline No. / Mobile No. 82922 34107 may be contacted.**

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

Ref. No.: 430
Date.: 22.07.2024

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर डाउन के सबक

कंप्यूटर की अचानक ब्लू होती स्क्रीन ने बीते शुक्रवार को हमें उस खतरे का आइना भर दिखाया, जिसके बारे में हम अनजान बने हुए थे। माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस क्या ठप हुई, ऐसा लगने लगा कि किसी ने दुनिया से उसकी रफ्तार ही छीन ली हो। इस घटना से बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। जरूरत है इससे सबक सीखने की ताकि फिर ऐसे हालात न बनें। समस्या की वजह था साइबर सिक्योरिटी फर्म क्राउडस्ट्राइक का एक अपडेट। इस फर्म की सर्विस माइक्रोसॉफ्ट समेत तमाम बड़ी कंपनियां और ऑर्गनाइजेशन लेते हैं। क्राउडस्ट्राइक ने साइबर अटैक से निपटने के लिए एक सॉफ्टवेयर डिजाइन किया था, लेकिन इसमें कुछ गड़बड़ी हो गयी। जब यह सॉफ्टवेयर अपडेट हुआ, तो सिस्टम क्रैश होने लगे, कंप्यूटर की स्क्रीन ब्लू दिखने लगी। इस गड़बड़ी का असर बैंकिंग और आइटी सेक्टर से लेकर एविएशन तक पर पड़ा। तमाम उड़ानें रद्द हो गयीं और कई कंपनियों में काम ठप हो गया। इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या क्राउडस्ट्राइक ने अपने नये अपडेट का सही से टेस्ट किया था? एक रिपोर्ट बताती है कि सॉफ्टवेयर अपडेट रात के समय लोगों के पास अपने आप चला गया था। ऐसे में सुबह जब काम शुरू हुआ, तो सिस्टम बैठने लगे। कंपनी ने अपनी गलती मान ली है, लेकिन क्या इतने से यह गारंटी मिल जाती है कि भविष्य में ऐसी घटना नहीं होगी? बात केवल एक क्राउडस्ट्राइक की नहीं है। हमें ऐसी पॉलिसी चाहिए, जो जवाबदेही तय करती हो। अभी तक ऐसी सिचुएशन हमने हॉलिवुड फिल्मों में ही देखी थी, जहां कोई विलेन एक सिस्टम के जरिये पूरे देश की व्यवस्था को हिला देता है। माइक्रोसॉफ्ट आउटेज ने उस स्क्रिप्ट को हकीकत में ला दिया। साथ ही, इससे जाहिर हुआ कि हमारी तैयारी कितनी अधूरी है। ऐसी किसी परिस्थिति के लिए हमारे पास बैकअप प्लान ही नहीं था। एक-एक करके विभिन्न सेवाएं ठप होती जा रही थीं और किसी को कुछ सूझ नहीं रहा था। दिल्ली-एनसीआर में कई प्राइवेट अस्पतालों की सर्विस तक पर असर पड़ा। गनीमत रही कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। क्या हम यह जोखिम उठा सकते हैं कि किसी कंपनी का कोई अपडेट विश्व को यूं बंधक बना ले? यह भी गौर करने वाली बात है कि अगर किसी टेक्नॉलजी पर एक कंपनी का एकाधिकार होगा, तो यह आशंका बनी रहेगी कि उसकी कोई एक गलती सभी को खतरे में डाल दे। नेटवर्क का जाल जैसे-जैसे घना होता जायेगा, वैसे-वैसे इस तरह के खतरे भी बढ़ेंगे। जिन सेक्टर में इंटरनेट का काम नहीं, वे इस शुक्रवार को भी बेपरवाह चलते रहे। हालांकि इसका यह कतई मतलब नहीं है कि टेक्नॉलजी से दूरी बना ली जाये। तकनीक तरक्की के लिए है, लेकिन इससे जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी और तैयारी होनी चाहिए। नेटवर्क के अपने फायदे हैं, लेकिन साथ में जोखिम भी, जिससे हम अभी-अभी गुजरे हैं। इस जोखिम को कम से कमतर करने के उपाय की जरूरत है

**क्राउडस्ट्राइक ने साइबर अटैक से निपटने के लिए एक सॉफ्टवेयर डिजाइन किया था, लेकिन इसमें कुछ गड़बड़ी हो गयी। जब यह सॉफ्टवेयर अपडेट हुआ, तो सिस्टम क्रैश होने लगे, कंप्यूटर की स्क्रीन ब्लू दिखने लगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**22 अगस्त 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के एक दशक पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जब मैंने पहली बार एफएसएसएआइ टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो एफएसएसएआइ का दृष्टिकोण स्पष्ट था। उनका लक्ष्य नीतियों को मजबूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना तथा नागरिकों और खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक और व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था।**

# एफएसएसएआइ की विकास-यात्रा: वर्तमान और भविष्य



**जेपी नड्डा**

एनडीए शासन के दौरान दूसरी बार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद, पिछले सप्ताह जब मैंने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) का दौरा किया, तो मुझे 2014 में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने शुरुआती कार्यकाल का स्मरण हो आया। यह वह समय था जब एफएसएसएआइ खुद को देश के खाद्य-सुरक्षा नियामक के रूप में स्थापित कर रहा था और उस पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिए खाद्य मानक और नीतियां तय करने की बड़ी ज़िम्मेदारी थी।

22 अगस्त 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के एक दशक पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जब मैंने पहली बार एफएसएसएआइ टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो एफएसएसएआइ का दृष्टिकोण स्पष्ट था। उनका लक्ष्य नीतियों को मजबूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना तथा नागरिकों और खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक और व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इन पहलों को इट राइट इंडिया मूवमेंट के तहत खूबसूरती से एकीकृत किया गया है, जिसने सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और सतत भोजन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र संपूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण अपनाया है।

**खाद्य-सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है, और एफएसएसएआइ विभिन्न सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है।**

स्वास्थ्य मंत्रालय और एफएसएसएआइ हमारे देश के खाद्य-सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एक मजबूत खाद्य-सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र केवल मजबूत खाद्य-नीतियों और मानकों की नींव पर ही बनाया जा सकता है। यह जानकर खुशी होती है कि एफएसएसएआइ के वैज्ञानिक पैनल और विशेषज्ञ समितियों में काफी विस्तार हुआ है, जिसमें 88 संगठनों के 286 विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप मानकों और नीतियों के विकास की गति में उल्लेखनीय तेजी आयी है।

एफएसएसएआइ की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मिलेट के मानकों का सृजन है, जिन्हें 2023 में वैश्विक मिलेट (श्री अन्न) सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। ये मानक कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के साथ साझा किये गये हैं, जिससे मिलेट के वैश्विक मानकों के विकास और भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और मानकों के विकास के साथ-साथ उनका प्रवर्तन और परीक्षण भी उतना ही आवश्यक है। पिछले आठ वर्षों में एफएसएसएआइ के खाद्य-परीक्षण बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, कैबिनेट ने राज्य खाद्य-परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए 482 करोड़ की मंजूरी दी। एफएसएसएआइ ने फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स नाम से मोबाइल फूड लैब उपलब्ध कराकर दूरदराज के इलाकों तक पहुंचना शुरू कर दिया है।

इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय, हमें वैश्विक स्तर पर उभर रहे रुझानों, जैसे कि प्लांट बेस्ड प्रोटीन, प्रयोगशाला में विकसित मांस आदि को भी स्वीकार करना चाहिए। एफएसएसएआइ ने नयी श्रेणियों, जैसे - वीगन खाद्य पदार्थों, जैविक उत्पादों और आयुर्वेदिक आहार के लिए सक्रिय रूप से मानक विकसित किये हैं और यह खाद्य-सुरक्षा के उभरते रुझानों के अनुरूप निरंतर अनुकूलन कर रहा है।

जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य व्यापार का विस्तार हो रहा है, एफएसएसएआइ कोडेक्स जैसे विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय नियामकों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती आबादी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। एफएसएसएआइ ने 2023 में दिल्ली में पहला वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन (जीएफआरएस) भी आयोजित किया, जो खाद्य नियामकों के लिए उभरती खाद्य-सुरक्षा चुनौतियों के बारे में मिलने और विचार-विमर्श करने के लिए अपनी तरह का पहला सहयोगी मंच है। एफएसएसएआइ आने वाले महीनों में जीएफआरएस के दूसरे संस्करण के लिए तैयार है।

जब हम खाद्य-सुरक्षा पर बात करते हैं, तो उपभोक्ताओं और नागरिकों को साक्ष्य-आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य-सुरक्षा मुद्दों पर सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। तभी हमारा काम समग्रता से पूर्ण होगा। यहीं पर एफएसएसएआइ का 'इट राइट इंडिया' अभियान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह सुनिश्चित करके कि उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर जरूरी जानकारी पहुंचे। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम को हमारे आउटरीच को मजबूत करने और व्यावहारिक बदलाव को प्रोत्साहित करने के लिए बढ़ाया जा रहा है, जो उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य विकल्पों की मांग करने के लिए सशक्त बनाता है और खाद्य व्यवसायों को बेहतर विकल्प प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।

एफएसएसए, 2006 खाद्य-उत्पादों के लिए व्यापक मानकों को अनिवार्य बनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। साथ ही, फूड-लेबलिंग के नियम उपभोक्ता को एक सूचित विकल्प बनाने में सशक्त करते हैं। विज्ञापन और दावों के लिए नीतियां यह भी सुनिश्चित करती हैं कि खाद्य व्यवसायों द्वारा खाद्य-उत्पादों पर कोई भ्रामक दावा नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करने के लिए पर्याप्त तंत्र प्रदान करके उनके सामने आने वाली आधुनिक चुनौतियों का समाधान करने में सहायक रहा है, विशेष रूप से भ्रामक विज्ञापनों, असुरक्षित या घटिया भोजन से संबंधित शिकायतों के संदर्भ में।

खाद्य-सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है, और एफएसएसएआइ विभिन्न सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। यह संपूर्ण सरकारऔर सम्पूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण को अपना रहा है। एफएसएसएआइ खाद्य-सुरक्षा और स्वास्थ्य पहलों में उद्योग और अन्य हितधारकों को शामिल करके एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है।

एफएसएसएआइ ने पिछले दस वर्षों में भारत की खाद्य-सुरक्षा स्थिति को महत्त्वपूर्ण रूप से बदला है। साथ ही, यह उभरती चुनौतियों का समाधान करने और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। एफएसएसएआइ का लक्ष्य अपनी प्रतिबद्धता और समग्र दृष्टिकोण से भारत को खाद्य-उत्पादन में ही नहीं, बल्कि खाद्य-सुरक्षा और स्थिरता में भी वैश्विक गुरु बनाना है।

जय हिन्द!

**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एसपी के निर्देश पर जिले में प्रहरी अभियान की शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और रोकथाम, अड्डे बाजी, महिला के साथ छेड़खानी, अवैध अतिक्रमण से यातायात सुरक्षा को सुगम रखने के लिए अभियान की शुरुआत की। यह अभियान आदित्यपुर पुलिस के द्वारा सावन की पहली सोमवारी से शुरू किया गया। अभियान के तहत आम जनों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और पारदर्शिता लाने के लिए पहल की गयी। आदित्यपुर पुलिस ने पैदल गस्ती,अड्डाबाजी के विरुद्ध छापामारी अभियान,एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पैदल गस्ती अभियान के तहत 128 मार्गो का चयन किया गया। एसपी के निर्देश पर क्षेत्र में अड्डे बाजी,महिलाओं के साथ छेड़खानी, अवैध पार्किंग या अपराध की दृष्टिकौन से जगह को चिन्हित किया गया। सभी संवेदनशील मार्गों में पैदल गस्ती सप्ताह में तीन बार अलग-अलग जगह पर की जायेगी। इसके अंतर्गत संबंधित अंचल निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला और चांडिल अपने अपने क्षेत्राधिकार में पैदल गस्ती करने की जिम्मेदारी सौंपी है। वही अड्डे बाजी के विरुद्ध छापामारी अभियान के तहत मादक और नशीले पदार्थ के सेवन को रोकथाम के लिए 146 स्थलों को चिन्हित किया गया। जिसे पांच क्लस्टरों में बांटा गया। हैकलेक्टर ए, बी,सी,डी, ई के तहत कार्य किया जायेगा। तय समय पर प्रतिदिन क्लस्टर पे छापामारी की जाएगी। चिन्हित स्थलों पर छापामारी करने के लिए टीम का गठन किया गया। अभियान में थाना के पदाधिकारी, पीसीआर व टाइगर मोबाइल जवान को जिम्मेदारी सौंपी गयी। एंटी क्राइम चेकिंग के लिए जिले में 51 लोकेशन को चिन्हित किया गया। अलग-अलग समय पर एंटी क्राइम चेकिंग की विशेष अभियान चलाया जायेगा। एक महीने में दिन में तीन बार एंटी क्राइम चेकिंग की जायेगी। इसके लिए एक मोबाइल नंबर भी जारी किया गया। जिलेवासी सुझाव रख सकते हैं। वही सड़क दुर्घटना होने पर में उन सभी क्षेत्र से उनका डाटा अलग-अलग थानों से मांगा जाएगा। ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सके।

# कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। शहर के टीम एक सेवा संस्था के द्वारा बीते 3 वर्षों से श्रावणी मेले में दुमका बोर्डर पर कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन की जाती है। इस साल भी गुरु पूर्णिमा के दिन बिहार विधान परिषद के सदस्य विजय सिंह के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर विजय सिंह ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने संस्था के कार्य से संतुष्ट होकर आगे सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर देवघर के पूर्व विधायक कामेश्वर दास व युवा समाज सेवी निर्मल सिंह, महासचिव हेमंत कुमार, सचिव विजय पांडेय, वरिष्ठ सदस्य कुंती देवी सहित दर्जनों महिला और पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।**

### विधायक कार्यालय में रुद्राभिषेक में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड

# विभिन्न राजनीतिक दलों और हजारों स्थानीय लोगों ने किया महाप्रसाद ग्रहण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित कार्यालय में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भगवान शिव के रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।रुद्राभिषेक संपन्न होने के बाद दोपहर एक बजे से देर शाम तक रामार्चा मैदान में हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। विधायक सरयू राय के पहल पर दो दिनों तक चलने वाले तकरामार्चा पूजा और रुद्राभिषेक में उत्सव-सा माहौल देखने को मिला।महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए लोग श्रद्धालुओं का ताता लगी रही। मौके पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के हजारों हजार लोगों के साथ विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक नेता व कार्यकताओं ने श्रद्धालुओं के रूप में शिरकत की। पंडित विनोद पांडेय ने बताया सोमवार की सुबह सबसे पहले गौरी-गणेश, वरुण, नवग्रह, मात्रिका का पूजन किया गया। महाप्रसाद में बक्सर के कुशल कारीगरों द्वारा हाथी कानपूड़ी, आलू परवल की सब्जी, आलू बैंगन की सब्जी, टमाटर की खट्टी-मीठी चटनी और बुंदिया प्रसाद के रूप में हजारों हजार लोगों ने ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के पूर्व संचालक सिद्धिनाथ सिंह, जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन सिंह, चैंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष सुरेश संथालिया, पूर्व महासचिव भरत भसानी, अविनाश सिंह राजा, कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह, खादी बोर्ड के मनोज कुमार सिंह, जिला परिषद की सदस्य कविता परमार, जेएनएसी के डिप्टी टाउन कमिश्नर कृष्ण कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक सहाय, उद्योगपति राज कुमार अग्रवाल, टाटा मोटर्स के टाउन एडमिनिस्ट्रेटर रजत सिंह, बी एन सिंह, जुस्को के प्रबंधक निदेशक ऋतुराज सिन्हा, कारपोरेट सर्विसेज के चीफ प्राण्य सिन्हा, टाटा स्टील के बीपीसीएस चाणक्य चौधरी, भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह, साहिबगंज के भाजपा नेता अमित कुमार सिंह, पूर्व भाजपा नेता और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, नेपाली समाज के विजय दमाई, वरिष्ठ नागरिक सेवा संघ के शिवपूजन सिंह, कई मंदिरों के प्रतिष्ठित पुजारी, पटेल समाज के प्रतिष्ठित लोग, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टीद्वय अशोक गोयल और आशुतोष राय, युगांतर प्रकृति पत्रिका के संपादक अंशुल शरण सहित हजारों हजार क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल रहे।

# आदिवासी वाद्य यंत्र से जुड़ी है संस्कृति और परंपरा, इसे सुरक्षित रखना आवश्यक: प्राचार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** महाविद्यालय में संताली विभाग के संयोजन में पांच दिवसीय आदिवासी पारंपरिक नृत्य और संगीत कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है। इसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने नगाड़ा एवं मांदल बजा कर किया। इससे पूर्व उन्होंने पंडित रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर धूप एवं पुष्प अर्पित कर उनका पूजा किया। कार्यक्रम में आदिवासी पारंपरिक वाद्य यंत्रों को सिखाने हेतु बेसिक में मांदल एवं नगाड़ा तथा एडवांस में बानम, तिरियो, घंटी और चोड़चडी सिखाया जायेगा। इसका प्रशिक्षण लेने के लिए 124 छात्रों ने अपना नाम पंजीकृत किया है। प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि यह पांच दिवसीय कार्यशाला टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसमें टाटा स्टील ट्राइबल सर्विसेज के हेड, जीरेन जेवियर टोपनो का विशेष सहयोग मिल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि घाटशिला महाविद्यालय के छात्रों को आदिवासी पारंपरिक वाद्य यंत्रों को सिखाने में बाबूलाल गोयपाइ, नुनाराम मुर्मू, काशीनाथ सोरेन, शीतल हेम्ब्रम, डुमनी मुर्मू, निर्सो टुडू, संगीता सामद, सुशांति बोयपाइ मुख्य रूप से लगे हैं। इस मौके पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ चौधरी ने कहा कि आदिवासी समाज, जिस तरह से अपनी संस्कृति परंपरा से गहरा संबंध रखते हैं, ठीक उसी तरह वे अपने पारंपरिक वाद्ययंत्र से भी जुड़ाव रखते हैं। वे अपनी संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा में विश्व भर में अपनी पहचान बनाएं हुए हैं। प्राचार्य ने यह भी बताया कि आदिवासी वाद्य यंत्र से जुड़ा है इनकी संस्कृति और परंपरा। इसे संरक्षित रखना तथा उसे संवर्धन प्रदान किया जाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि इसके संयोजन में संताली विभाग के प्राध्यापक मानिक मार्डी एवं बसंती मार्डी मुख्य रूप से लगे हैं। इसके उद्घाटन कार्यक्रम में काफी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# महादेव विश्व का कल्याण करें: काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भुइंयाडीह, कल्याण नगर स्थित श्री श्री सार्वजनिक शिव हनुमान मंदिर में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने अपनी पत्नी के साथ सावन की प्रथम सोमवारी के पावन अवसर पर भगवान शिव को जल अर्पित कर पूजा अर्चना की । सभी के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सावन की पहली सोमवारी को लेकर मंदिर समिति द्वारा भव्य एवं गरिमामय कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्री काले ने कहा कि भगवान शिव को समर्पित, साधना के प्रतीक पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार हार्दिक शुभकामनाएं। महादेव सबके जीवन में कल्याण करे, महादेव के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य आए। इस मौके पर जूगुन पांडे, शेखर मुखी, विजय भारती, सुबास गिरी, शिवनंदन साव, निरंजन प्रसाद, शिवधनी साव, नंदलाल, सारदा, राजा, संजीत भारती, सागर चौबे, सुरज चौबे, अमित भारती, शुभम कुमार, धनंजय कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

## रैयती भूमि में पथ निर्माण करायें जाने से नाराजगी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। अरसली दक्षिणी के बनखेता गांव से बुका होते हुए भवनाथपुर तक बनायी जा रही मिट्टीमोरम पथ निर्माण के दौरान बनखेता के ग्रामीणों द्वारा जबरन रैयती भूमि में पथ निर्माण करायें जाने से आक्रोशित बुका निवासी सह जमीन मालिक ने कड़ा ऐतराज जताते हुए इसकी लिखित शिकायत अंचलाधिकारी, भवनाथपुर थाना और श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ से की है। जमीन मालिक बुका निवासी विजय राउत ने बताया कि सूचना मिली की बनखेता गांव के लोगों द्वारा मेरे रैयती जमीन में जबरन मिट्टीमोरम पथ का निर्माण कराया जा रहा है, तो मैं अविलंब बीते 19 जुलाई को भवनाथपुर अंचलाधिकारी को आवेदन देकर जांचोपरांत उक्त पथ निर्माण पर रोक लगाने की मांग किया था, इसके बाद भी अंचल की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं किया गया। दुबारा 20 जुलाई को उक्त ग्रामीणों के द्वारा हमलोगों के रैयती जमीन में जबरन पथ निर्माण कराये जाने की सूचना मिलने पर जब हम पथ निर्माण रोकने गये, तो ग्रामीणों के द्वारा गाली गलौज तथा मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गयी। इसके बाद मैं भवनाथपुर थाना में आवेदन दिया, जहां से थाना के द्वारा अंचल में जाने के बात कही गयी। मोबाईल के जरिये गढ़वा पुलिस अधीक्षक को इसकी सूचना दी।

# जनता को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है : मंत्री

**डंडा के विभिन्न गावों में मंत्री ने किया जनता संवाद, समस्याओं का किया निदान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के डंडा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने भिखही पंचायत के पपरवा टोला में रामा चौधरी के घर के समीप, भिखही गांव में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम छपरदागा के महुरान टोला में जनता संवाद का आयोजन किया। इस दौरान लोगों की समस्या सुनते हुए कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया। साथ ही शेष समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। कार्यकताओं और ग्रामीणों ने मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से आपने मुझे अपना आशीर्वाद देकर सेवक चुना है तब से मैं एक दिन भी चैन से नहीं बैठा हूं। लगातर आप के बीच रह कर आपकी सेवा में, आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, खेल सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य किया हूं। यहां तक कि गढ़वा के लोगों ने मुझे दो बार हार का भी स्वाद चखाया फिर भी मैं जनसेवा में लगा रहा। आपने जो सेवा का आशीर्वाद दिया इसके लिए मैं आजीवन आभारी रहूंगा। आज से साढ़े चार वर्ष पूर्व डंडा की क्या स्थिति थी और आज क्या है, यह सभी के सामने है। आप लोगों ने किसी को 10 साल, किसी को 17 साल मौका दिया। उन लोगों ने अपने कार्यकाल में क्या किया यह उन्हें बताना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जनता को सारी मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराना, सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर दिलाना जनप्रतिनिधि का परम कर्तव्य होता है। जनप्रतिनिधि को अपना कार्य इमानदारी पूर्वक करना चाहिए। तभी क्षेत्र का विकास संभव है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रमुख आशा देवी, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर चौधरी, राजेश तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झामुमो संपूर्ण झारखंडवासियों की अपनी पार्टी है, इसे और अधिक मजबूत बनायें : मिथिलेश



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत मधेया पंचायत के दो दर्जन से अधिक लोग विभिन्न दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। सोमवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि जितने अधिक से अधिक लोग झामुमो में शामिल होंगे पार्टी और भी ज्यादा मजबूत होगी। झामुमो संपूर्ण झारखंड वासियों की अपनी पार्टी है। इसे अधिक से अधिक मजबूत बनाना सभी झारखंड वासियों का कर्तव्य है। मंत्री ने कहा कि सभी लोग सरकार की नीति, सिद्धांतो और जनहित में चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी जन-जन पहुंचायें। साथ ही योजनाओं का लाभ भी लोगों को दिलायें। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गोलू तिवारी, रौशन चौबे, दीपरंजन कुमार, पवन कुमार, वेद प्रकाश, प्रताप कुमार, अंजय कुमार, तरूण कुमार, हरिओम तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हीरा राम तूफानी के निधन पर पेंशनर्स कल्याण समाज ने शोक जताया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के सचिव अशर्फी राम ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि पूर्व विधायक स्वर्गीय हीरा राम तूफानी का आकस्मिक निधन से हमारा संगठन काफी मर्माहत है । ये हमारे संगठन के संरक्षक थे, इनके निधन से हमारे संगठन को और इस जिले का अपूरणीय क्षति हुई है। भगवान इनकी आत्मा को शांति दे। उनके पार्थिव शरीर पर हम लोगों ने उनके आवास पर जाकर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि देने का काम किया गया। उसके बाद कार्यालय में आकर इनके मृत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। भगवान से प्रार्थना किया गया कि मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतृप्त परिवार को सहनशक्ति दें। अंत में इन्हें शत शत नमन करते हुए पुनः श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## स्वर्गीय तूफानी के परिजनों से मिले अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद तूफानी के पिताजी वरिष्ठ समाजसेवी और कांके विधानसभा के पूर्व विधायक हीराराम तूफानी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, शिक्षाविद् सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय ने अरविंद तूफानी सहित पूरे परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त किया।

## जुली देवी के निधन पर कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोक जताया

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय बाजार निवासी सह वार्ड सदस्य आनंद गुप्ता के पत्नी पूर्व वार्ड सदस्य जुली देवी उम्र 45 वर्ष का निधन सोमवार के अहले सुबह हो गया। वे पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रही थी, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय सुखड़ा नदी में कर दिया गया। निधन के सूचना के बाद पूर्व विधायक आनंद प्रताप देव, झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, मुखिया दुलारी देवी, बीड़ीसी प्रतिनिधि सह झामुमो के युवा उपाध्यक्ष अनुज कुमार, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, मंदिर कमिटी के अध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक जताया। वार्ड सदस्य सह बजरंग दल के पूर्व जिला संजोयक आनंद गुप्ता के पत्नी जुली देवी के आकस्मिक निधन के बाद कई सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने शोक जताया।

## शिव चबूतरा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, निकाली कलश यात्रा



रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित सोनार मुहल्ला शिव चबूतरा प्राण प्रतिष्ठा श्रावण के पहली सोमवारी को वेद मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य भोलानाथ पांडेय के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश जल यात्रा से हुआ। सैकड़ों की संख्या में कुआंरी कन्याओं के द्वारा नगर भ्रमण करते हुए बलवानंद कुआं से जल भर कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, समाजसेवी श्याम सुंदर प्रसाद और मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया ने संयुक्त रूप से उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाकर किया। इस मौके पर शिव चबुतरा उत्थान समिति के अध्यक्ष श्रवण सोनी, कोषाध्यक्ष उमेश सोनी, अजय प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष बनारशी सोनी, गिरिवर सोनी, नंदलाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रथम सोमवारी पर हर हर महादेव की गूंज



सगमा (आजाद सिपाही)। श्रावण मास के प्रथम सोमवारी पर प्रखंड में हर हर महादेव की गूंज सभी सिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। सगमा प्रखंड में प्रथम सोमवार होने के कारण सभी शिवालयों पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं बीरबल गांव स्थित सूर्यमंदिर प्रांगण में अवस्थित नर्वदेश्वर महादेव पर स्रधालुओं ने विधि विधान से पूजा कर संकर भगवान पर जल अर्पण किया।

## मारपीट कर जख्मी करने वाले लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में पुराने रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक ही परिवार के सूर्यमल चौधरी लगभग 50 वर्ष, नंदू चौधरी 33 वर्ष और सुकनी देवी 40 वर्ष आदि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये, जिन्हें पुलिस द्वारा लाकर रेफरल अस्पताल में भरती कराया गया। इस दौरान सूर्यमल चौधरी की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इस संबंध में सूर्यमल चौधरी की पत्नी कुंती देवी द्वारा मझिआंव थाने में चार महिलाओं समेत 16 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिसके बाद पुलिस ने उमेश चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, विकास चौधरी और कामेस्वर चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## डुमरसोता और मझिगांवा में ग्राम सभा का आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी राकेश सहाय के आदेशानुसार प्रखंड के दो पंचायत डुमरसोता और मझिगांवा में अबुआ आवास योजना के लाभुकों की चयन के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन सोमवार को किया गया। मझिगांवा में मुखिया रीता देवी और डुमरसोता में पंचायत सचिव अंजनी प्रसाद की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा मे मझिगांवा पंचायत सचिव मुकेश कु मेहता ने अबुआ आवास की सूची में दर्ज कोटिवार सभी लोगों के नाम को पढ़कर उपस्थित लोगों को सुनाया। सत्र 2024 -25 में अबुआ आवास के लिए पंचायत को 157 यूनिट आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति वर्ग के लिए 81, पिछड़ा वर्ग के लिए 60 और सामान्य वर्ग के लिए 16 यूनिट अबुआ आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर दोनों पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य के साथ ही साथ ग्रामीण भी मौजूद थे।

# प्रशासन की तत्परता से एक बड़ी घटना टली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़गड़।** भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बरकोल कला गांव के गढ़ बरकोल स्थित जमीन को ले कर दो संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही भंडरिया थाना पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में सदल बल पहुंच कर स्थिती को नियंत्रण में लेकर बड़ी घटना होने से बचा लिया। उत्पन्न विवाद का कारण गढ़ बरकोल की भूमि पर सावन मास की पहली सोमवारी पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने कि तैयारी थी। जिसके लिए गांव के हिंदू समुदाय के लोगों के द्वारा पूजा स्थल के रूप में राजा रानी का स्मारक का निर्माण दो दिन पुर्व किया गया था। जिसे सोमवार कि सुबह लगभग 9:30 बजे लगभग डेढ़ सौ कि संख्या में पहुंचे विशेष समुदाय के महिलाओं और पुरुषों के द्वारा साबल, गैता, कुदाल से उक्त स्मारक को पुरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। जिस वक्त स्मारक को तोड़ा जा रहा था, उस वक्त गांव के हिंदू समुदाय के सैकड़ों लोग सावन की पहली सोमवारी पर जल यात्रा के लिए निकले हुए थे। स्मारक तोड़े जाने की सूचना पर सभी भीड़ उक्त विवादित स्थल की ओर दौड़ पड़ा, लेकिन भीड़ में शामिल कुछ बुद्धिजीवियों के समझाने बुझाने पर शांत हुए तथा इसकी सूचना प्रशासन को दी। पुलिस प्रशासन की तत्परता से एक बड़ी घटना होने से गांव को बचा लिया। हिंदू समुदाय के लोगों का कहना है कि स्मारक तोड़े जाने की घटना को अंजाम देना गांव में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कहीं न कहीं विशेष समुदाय के द्वारा संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की सोची-समझी साजिश थी। प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों को निर्देश दिया गया कि उक्त भूमि गैर मजरूआ है प्रशासन के बिना अनुमति के ना विशेष समुदाय के लोग उस पर खेती करेंगे और नहीं हिंदू समुदाय के लोग उक्त स्थल पर कोई निर्माण कार्य करेंगे।

विवाद का कारण जानकारी के अनुसार उक्त विवादित भूमि पर एक विशेष समुदाय के व्यक्ति के द्वारा जोत कोड़ कर खेती किये जाने पर दुसरे समुदाय को आपत्ति है। दुसरे समुदाय के लोगों का कहना है कि उक्त भूमि पर वर्षों पहले किसी राजा का गढ़ था, जो आज हमलोगों के लिए धरोहर के साथ हमारी आस्था से जुड़ी है। कई दशकों से हमारे पूर्वज उक्त स्थल पर रानी सती की पूजा करते आ रहे हैं। वहीं विशेष समुदाय के व्यक्ति के द्वारा कई वर्षों से जोतकोड़ कर उक्त जमीन पर काबिज होने का दावा किया जा रहा है। जबकि उक्त भूमि सरकारी दस्तावेज में खाता नंबर 84 में गैर मजरुआ दर्ज है। वहीं आनलाइन रिकार्ड में दुसरे पक्ष के लोगों द्वारा उक्त भूमि रंका गढ़ परिवार कि रानी राजमाता गुंजेश्वरी देवी के नाम पर होने का दावा किया गया है।

# डायन विसाही को लेकर मारपीट में तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के करिवाडीह गांव में डायन विसाही को लेकर सोमवार को हुए टांगी और लाठी से मारपीट में एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक शैलेंदर कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दो लोगों को गढ़वा रेफर किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि करिवाडीह निवासी दीपू राम, कमलेश राम, जागरेस राम सभी पिता स्व अमरनाथ राम के द्वारा गांव के ही बैजनाथ राम की वृद्ध पत्नी को गाली गलौज करते हुए डायन का आरोप लगाकर बराबर प्रताड़ित करते रहते थे, कि तुम्हारे कारण घर के सदस्य की मौत हो रही है और बीमार पड़ रहे है। इसी मामले को लेकर अक्रोशित लोगों ने सोमवार को टांगी और लाठी से लैस होकर कलावती देवी से मारपीट करने लगे। इसी बीच बचाव करने पहुंचे पुत्र सिंधु राम और उसकी पत्नी गीता देवी के साथ की गयी मारपीट में तीनों लोग घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद कलावती देवी और उसके पुत्र सिंधु राम को बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

# 'स्कूल रुआर-2024' की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में नीलांबर-पीतांबर नगर भवन में 'स्कूल रुआर- 2024' का जिला स्तरीय कार्यशाला उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस जिला स्तरीय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र, जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सासंद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन तिवारी, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि रुआर कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी/ कर्मी इसे गंभीरता से लेते हुए जिले के विद्यालय से बाहर सभी क्षिजित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करते हुए विद्यालय में दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करें, सरकारी विद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाते हुए यह संदेश दिया गया कि आर्थिक रूप से संपन्न अभिभावक के बच्चे भी नामांकन के लिए सरकारी विद्यालय में आये। रुआर कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत विषय प्रवेश अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शंभू दत्त मिश्रा के द्वारा कराया गया और प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी को दिखाते हुए सारे कार्यक्रमों के बारे में बताया। गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि रुआर कार्यक्रम मुख्यतः 5 से 18 आयु वर्ग के छिजित और अनामांकित बच्चों को विद्यालय में वापस नामांकन कराते हुए उपस्थिति सुनिश्चित करना है। सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये और अपना महत्वपूर्ण सुझाव दिये। सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के द्वारा हरि झंडा दिखाकर शिक्षा रथ को रवाना किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर 16 दिनों तक अर्थात 16 से 31 जुलाई तक विद्यालयवार किया जाना है।


**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक सी०, चाईबासा रोड, खूँटी-835210**

अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01 / 2024
जिला स्तरीय मध्याहन भोजन योजना कोषांग, खूँटी।
आवश्यक सूचना

खूँटी जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरीय योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न पहुंचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 22.07.2024 से 05.08.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्त्तो के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें खूँटी जिला के अधिकृत वेबसाईट www.khunti.nic.in एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता हे।

जिला शिक्षा अधीक्षक
खूँटी

PR 330351 District(24-25).D



**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)**
**Phone: 0651-2401917 E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com**

निविदा अवधि विस्तार सूचना

**PR 327185 (Art Culture, Sports & Youth Affairs) 24-25 (D) के द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना के क्रम में निविदा समर्पित करने की अवधि विस्तारण सूचना संबंधित।**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के आयोजन के क्रम में भाग लेने वाले कलाकारों, अतिथियों, आगंतुकों आदि हेतु अल्पाहार, भोजन आदि से संबंधित कैटरिंग व्यवस्था कार्य हेतु प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना PR 327185 (Art Culture, Sports & Youth Affairs) 24-25 (D) के क्रम में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा निष्पादन की तिथि को अपरिहार्य कारणों से निम्नवत् विस्तारित किया जाता है :–

- निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 30.07.2024 को अप० 01.00 बजे तक।
- निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 31.07.2024 को अप० 03.00 बजे।

2. उक्त निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।
3. PR 327185 (Art Culture, Sports & Youth Affairs) 24-25 (D) निविदा आमंत्रण के क्रम में निविदा समर्पित करने की निर्धारित पूर्व अंतिम तिथि तक जिन निविदादाताओं के द्वारा निविदा समर्पित की गई है, उन्हें पुनः उक्त क्रम में निविदा जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
4. उक्त निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर उपलब्ध है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्ती/बाद की संशोधित एवं अन्य आवश्यक सूचनाएँ निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर ही उपलब्ध होंगी। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित या रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची

PR 330330 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25).D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/09/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/09/01/2024-25 | डाड़ी | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय स्वीपर टोला का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8067900.00 | 161400.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB/09/02/2024-25 | डाड़ी | प्राथमिक विद्यालय चैनपुर (उत्क्रमित मध्य विद्यालय) का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9873000.00 | 197500.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB/09/03/2024-25 | डाड़ी | मध्य विद्यालय बसरिया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6580200.00 | 131700.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB/09/04/2024-25 | बड़कागांव | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नापोखुर्द का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 8379000.00 | 167600.00 | 10000.00 | 9 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 03.08..2024 से दिनांक 12.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 330340 (Rural Development) 24-25 (D)

## गड्ढे से अनियंत्रित होकर गार्डवाल से टकराया पिकअप

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जोगना पुल के समीप सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचा मालवाहक पिकअप का चालक कोई हताहत नही वाहन क्षतिग्रस्त हुआ। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना पुल के समीप एन एच 143 ए पथ पर सड़क के किनारे बना गाडवाल को मालवाहक पिकअप वाहन चालक धक्का मारते हुए गहरे गढ़े में जाने से बचा घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। घटना से मालवाहक पिकअप तथा निर्मित गड़वाल क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल फंसे हुए मालवाहक पिकअप को जेसीबी की मदद से निकाला गया। मालवाहक पिकअप लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रहा था। उसी दौरान जोगना पुल के पास पहुंचा तो सड़क पर बने छोटे छोटे गड्ढे को बचाने के दौरान वाहन अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे बना गार्डवाल को धक्का मारते हुए गहरे गड्ढे में जाने से बचा जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# लातेहार में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त एक्शन हो : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले में अवैध खनन तथा रोक थाम को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गये निर्णय के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए। जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन नहीं हो। इसे सुनिश्चित करें। साथ ही




कार्रवाई प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान सभी अंचल अधिकारी को थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर अवैध खन्न, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु किये गये कर्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में 15 दिनों के अंदर जिला खनन कार्यालय, लातेहार को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि माह 26 जून से 20 जुलाई तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के मामलों में 35 वाहनों को जब्त कर 08 प्राथमिकी दर्ज गयी है। तथा 7,47,375 लाख रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गयी।

बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गयी कार्रवाई की प्रखंड वार विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला के सभी वन प्रक्षेत्र, अंचल अन्तर्गत अवैध उत्खनन, प्रेषण के रोकथाम हेतु स्थलीय निरीक्षण/ छापामारी में तेजी लाते हुए उसकी संख्या में बढ़ोत्तरी कर सघन कार्रवाई करने तथा छापामारी के क्रम में अवैध संबंधी मामला पाये जाने पर उसमें संलिप्त अवैध खननकर्ताओं/ परिवहनकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन स्थल पर बने सुरंग, गड्ढों को डोजरिंग एवं पहुंच पथ पर ट्रैच कटींग का कार्य कराकर अवैध उत्खनन पर रोक लगाने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को दिया गया।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोहरदगा में 10 दिनों के अंदर खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को आपूर्ति विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम धान अधिप्राप्ति योजना 2023-24 की समीक्षा की गयी जिसमें धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि, निबंधित किसानों की संख्या, चयनित राइस मिलों की संख्या, किसानों को किये गये भुगतान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिला में एनएफएसए, हरा राशन कार्ड अंतर्गत प्राप्त खाद्यान्न, चना दाल का वितरण, जुलाई माह 2024 में एनएफएसए अंतर्गत राज्य में लोहरदगा जिला में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्रखण्डों में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, प्राप्त आवंटन की स्थिति, हरा राशन कार्ड अंतर्गत प्राप्त आवंटन व वितरण किये गये



खाद्यान्न की स्थिति, पीवीटीजी डाकिया योजना से संबंधित लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की स्थिति, धोती/ लुंगी-साड़ी वितरण की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गयी। उपायुक्त द्वारा अगले 10 दिनों में खाद्यान्न का 100 प्रतिशत वितरण, पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभुकों के बीच 100 प्रतिशत वितरण का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। जिला प्रखंडों में खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है उसके लिए ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक कर खाद्यान्न का आवंटन प्राप्त कर वितरण किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सरना धर्म कोड की मांग उठाकर सुखदेव भगत ने जनता से किये वादे को निभाया: नेसार अहमद



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने बयान जारी कर कहा है कि लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने जनता से किए अपने वादे को आज देश की सर्वोच्च पंचायत संसद में आदिवासियों के धार्मिक पहचान और अस्मिता से जुड़े संवेदनशील मुद्दे को लेकर मुखर होकर सरकार से ₹सरना धर्म कोड₹ लागू करने की मांग की है निश्चित तौर पर सुखदेव भगत एक संघर्षशील संवेदनशील और वचनबद्धता को साबित किया है जो झारखंड के लोगों के लिए गर्व की बात है। हम सभी आशान्वित है कि आगामी समय में क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण समस्याओं का निराकरण के लिए तत्पर रहेंगे।

## स्कूल रूआर कार्यशाला का आयोजन




**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्कूल रुआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन परखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में किया गया। अनामांकित एवं क्षितिज बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुडू बीडीओ रामप्रवेश साव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सीओ मधुश्री मिश्रा, बीईईओ अरबिंदा कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी और अन्य उपस्थित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर 16 दिवसीय विद्यालय स्तरीय स्कूल रुआर 2024-बैक टू स्कूल कैंपेन के दौरान विभिन्न तिथियों में निर्धारित कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन के निरंतर अनुश्रवण का निर्देश दिया गया। एवं विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले रुआर के दौरान बाल संसद, माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, जल सेना व ईको क्लब की सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर स्कूल रुआर से संबंधित प्रस्तुतिकरण भी किया गया। कार्यशाला में विभिन्न पंचायत के मुखिया, बीपीओ परवेज शाह, एमआइएस मुदस्सर नजर, जफर आलम, सुदामा चौधरी, अमृत लाल, संतोष कुमार, रशीदा खातून सीआरपी, बीआरपी एवं शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## सावन की प्रथम सोमवारी को मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया जलाभिषेक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सावन महीने के पहले सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनायी दी। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं बरवाडीह के ऐतिहासिक पहाड़ी शिव मंदिर के अलावे अन्य मंदिरों पर भी भक्तों को तांता लगा हुआ है। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गयी। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस दौरान पुरोहित बल्लू मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष सावन में अत्यधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की अंदेशा है।

## कस्तूरबा बालिका विद्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के बैनर तले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने कस्तूरबा आवासीय गर्ल्स स्कूल भंडरा में कानूनी जागरूकता एवं शिक्षा का कार्यक्रम किया गया। अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने सायबर अपराध, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा एवं महिलाओं के कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताया गया। कोई भी व्यक्ति आर्थिक समस्या अथवा अन्य किसी भी कारण से न्याय से वंचित न रहे एवं नि:शुल्क एवं त्वरित व सुलभ न्याय मिल पाए इसके लिए विधिक सेवा के विषय पर प्रकाश डाला गया।विद्यालय के सभी छात्राओं ने बहुत रुचि एवं ध्यान के साथ बातों को सुना। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों के अलावा सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लातेहार को सरयू प्रखंड का अनुमंडल मुख्यालय बनाये जाने की मांग

# भाजपा ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सरयू प्रखंड को बीजेपी मंडल कमिटी गारू के तत्वाधान में सोमवार को सरयू प्रखंड के घेराव की गयी। जिसका नेतृत्व भाजपा नेता कन्हाई सिंह, सुभाष कुमार सिंह और मंडल अध्यक्ष अनूप कश्यप के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता के साथ-साथ ग्रामीण महिला पुरुष रैली में शामिल हुए। रैली सरयू समुदायिक भवन से चल कर सरयू बाजार होते सरयू प्रखंड कार्यालय का घेराव जोर-शोर से किया गया। मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को चार सूत्री मांग का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जुलूस में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन होश में आओ, तुम्हारी मनमानी नहीं चलेगी, जैसे नारा लगा रहे थे। इस दौरान भाजपा नेता ने कन्हाई सिंह ने कहा की लातेहार जिले के प्रखंड सरयू का अनुमंडल महुआडांड़ है। जो की मुख्यालय से



लगभग 65 किमी की दूरी पर है। जबकि जिला लातेहार मुख्यालय महज 20 किमी की दूरी पर है। इसलिए सरयू प्रखंड का अनुमंडल मुख्यालय लातेहार बनाया जाये। भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने कहा कि सरयू प्रखंड तो प्रखंड बन गया लेकिन अंचल सहित अन्य प्रखंड स्तरीय कार्यालय नहीं है। जिसके कारण ग्रामीण को काफी परेशानी के सामना करना पड़ रही है। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से प्रखंड सरयू का अनुमंडल लातेहार मुख्यालय में शामिल किया जाये। प्रखंड सरयू का अंचल जल्द से जल्द सरयू में बनाते हुए प्रखंड स्तरीय सभी विभागों को स्थापित की जाए प्रखंड सरयू से प्रखंड गारू को जोड़ने वाला कार्रवाई पुल के निर्माण पूर्ण की जाये। प्रखंड सरयू के सभी गांव में विद्युत आपूर्ति जल्द से जल्द की जाये लातेहार जिला के मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा की यदि हमारे लिखित मांगो से जल्द से जल्द विचार नहीं की गयी तो जनता उग्र आंदोलन करेगी। मौके महामंत्री राजुमार सिंह, दीपक तिवारी, घसीटोला मुखिया प्रमिला देवी, अंकिता राजेश सिंह, विक्की कमलापुरी, सुरेश सिंह, अनूप कश्यप समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण रैली में शामिल थे।

## विद्यालय का चापानल खराब होने से बच्चों की परेशानी बढ़ी



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत स्थित खंडा प्राथमिक विद्यालय का हैंडपंप विगत एक महीने से खराब है। जिसके कारण विद्यालय ये संचालन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय के शिक्षक अमित लकड़ा का कहना है कि हैंडपंप खराब रहने के कारण बच्चों के लिए पोषाहार बनाने में काफी परेशानी होती है। सेविका-सहायिका को दूर-दराज से पानी का जुगाड़ करना पड़ता है। इसके अलावे बच्चों को पेयजल के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ता है। अमित का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को हैंडपंप मरम्मत के लिए कई बार जानकारी दी गयी है, बावजूद अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आज द्वारिका-सोमनाथ जायेंगे तीर्थयात्री

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गता बीपीएल श्रेणी के कुल 36 हिन्दू धर्मावलंबियों को आज दिनांक 23 जुलाई 2024 को सुबह 6 बजे लोहरदगा समाहरणालय प्रांगण से द्वारिका-सोमनाथ के लिए रवाना किया जायेगा। ये सभी तीर्थयात्री लोहरदगा से सड़क मार्ग से जिला प्रशासन लोहरगा द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहन के जरिये हटिया रेलवे स्टेशन तक जायेंगे जहां से उन्हें द्वारिका-सोमनाथ के लिए ट्रेन से भेजा जायेगा।


### 25 को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 25 जुलाई 2024 गुरूवार को नगर भवन (लोहरदगा प्रखंड परिसर) लोहरदगा में लोहरदगा जिला के बेरोजगार युवक/ युवतियों को सुगमता से रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय के द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोजकों से लगभग 4260 रिक्तियां प्राप्त हुई है। ये रिक्तियां पांचवी/ सातवी/ आठवी/ मैट्रिक/ इंटर/ स्नातक/ आइटीआइ/ डिप्लोमा/ बीटेक/ एमबीए/ मार्केटिंग/ एएनएम/ एमएलटी आदि योग्यताओं से संबंधित है। झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित आवेदक उक्त तिथि को निर्धारित स्थल पर पहुंच कर अपनी योग्यता के अनुरूप उपलब्ध रिक्तियों के लिए संबंधित नियोजकों के पास सीधे अपना आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं। बेरोजगार युवाओं के हित में यह सुविधा नि:शुल्क है। संबंधित योग्यताधारी युवाओं से अनुरोध है कि दिनांक 25.07.2024 दिन गुरूवार को नगर भवन लोहरदगा में आयोजित रोजगार मेला में आकर नियोजन का भरपूर लाभ उठायें। जो भी अभ्यर्थी अब तक किसी भी नियोजनालय में निबंधन नहीं कराया हैं वे अपने निबंधन अवश्य करा लें। इस हेतु जिला नियोजनालय लोहरदगा आकर अथवा https:// www. jharniyojan. jharkhand. gov. in में स्वंय भी निबंधन कराया जा सकता है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## लातेहार में बारिश नहीं होने से किसान मायूस, बढ़ी परेशानी

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार मानसून की बेरुखी से जिले के किसान परेशान हैं। आमतौर पर जिले के अधिकांश आबादी खेती किसानी के कार्यों से जुड़े हैं। इनमे से धान की सर्वाधिक तौर पर खेती की जाती है। जिले में लगभग 50 से 60 हजार हेक्टेयर भूमि पर कृषक धान की खेती करते हैं। यहां सिचाई की मुकम्मल व्यवस्था नही होने के कारण ज्यादातर किसान मॉनसून के सहारे धान की खेती कर पाते हैं। मौसम ने यदि साथ दिया तो किसान बेहतर उत्पादन कर पाते हैं अन्यथा कभी अल्प वर्षा तो कभी सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं का शिकार होते हैं। इससे किसानों को दोहरी नुकसान उठाना पड़ता हैं। खाद बीज के साथ-साथ किसानों की श्रम शक्ति भी यूं ही बर्बाद हो



जाती है। वहीं साधन सम्मन किसान बारिश नहीं होने की स्थिति में भी विलियर्स मशीन के माध्यम से सिंचाई कर की तरह धान की फसलों का उत्पादन कर लेते हैं। इस वर्ष जिले के कई किसान समय से ही 15 जून के आसपास धान का बिचड़ा छिट चुके है और कमोबेश बिचड़ा भी तैयार हो चुका है। परंतु इसे जब रोपनी की बारी आयी तो मौसम ने अपना रुख बदल लिया। लातेहार जिला के गारू, सरयू, महुआडार बरवाडीह, हेरहंज, बरियातू बालूमाथ, चंदवा, लातेहार समेत पूरा प्रखंड सूखे की ओर जा रहा है।

## विद्यार्थियों को विज्ञान के बारे में प्रायोगिक जानकारी दी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में शिक्षा विभाग एवं सिनी टाटा ट्रस्टस के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा के छात्र छात्राओं को विज्ञान की प्रायोगिक गतिविधियां कराई गयी। जिसमें उदित कुमार और सीमा श्वेता टोपनो द्वारा मैग्नीशियम, रिबन की दहन, मैग्नीशियम ऑक्साइड की प्रकृति, अम्ल क्षार एवं लवण का पीएच मान, कालेडोस्कोप माइक्रोस्कोप का उपयोग के बारे में छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा की आज विज्ञान का युग है। जिसे सभी को विज्ञान विषय का गहरा अध्यन करना चाहिये। देश के वैज्ञानिकों ने विभिन्न प्रकार का अविष्कार कर रहें हैं। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रजन तथा सिनी टाटा ट्रस्टस के सदस्य सीमा श्वेता तोपनो, उदित कुमार, तरुण कुमार के अलावे रानी कुमारी, वर्षा कुमारी, पंकज उरांव, सोनू कुमार, चंदन उरांव, राजकुमार सहित विद्यालय के अन्य बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी गुरु पूर्णिमा



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। समिति के अभिभावक प्रतिनिधि शंभू सोनी एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके व महर्षि वेद व्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया गया। महर्षि वेदव्यास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि महर्षि वेदव्यास के जयंती के दिन गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाता है। पौराणिक काल के महान व्यक्तित्व, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अट्ठारह पुराण जैसे अद्भुत साहित्यों की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था और उनका जन्मोत्सव गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वेदव्यास को आदि कवि कहा जाता है। आचार्या कमला कुमारी ने भी महर्षि वेद व्यास के बारे में बताया। मौके पर प्रमोद कुमार, देवा उरांव, रीता यादव, शांति नाग, देववंती कुमारी, विनोद गोप, प्रभा कुमारी, गणेश साहु, नारायण कुमार, पूजा कुमारी, कमला कुमारी, अमृता देवी, विमलेश कुमार, सुनीता उरांव आदि उपस्थित थें।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भगवान शिव का प्रिय महीना सावन के पहली सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गई। सावन मास के कारण स्थानीय शिव मंदिरों को काफी अच्छी तरह से सजाया गया है। वहीं घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है।




### खखपरता शिव मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते है। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। भक्त कतारबद्ध होकर भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए लगे थे।

सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। इधर सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वही मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त करते नजर आए और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गयी।

## सावन की पहली सोमवारी पर कुडू के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन महीने की शुरूआत के साथ कुडू परखण्ड क्षेत्र का पूरा वातावरण शिवमय नजर आ रहा है। पहली सोमवारी को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह है। अपने आराध्य के पूजन-अर्चन के लिए शिवालयों में भक्तों का तांता लगा हुआ था। प्रखण्ड के प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांव के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, भांग, धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनायें मांगी। पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे स वातारण गूंजायमान होता रहा। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। लोगों ने बेलपत्र की भी जमकर खरीदारी की थी।

## बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल, एक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल हाइवे स्थित कान्वेंट स्कूल के समीप दो बाइक के बीच भीषण टक्कर में दो युवक घायल हो गये। जबकि एक युवक की मौके पर मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक तीनों युवक एक ही बाइक में सवार होकर होटल सेवन एलेवन खाना खाने गये थे। वही खाना खाने के बाद तीनों गुमला लौट रहे थे। तभी उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल का समीप सामने से आ रहे तेज रफ़्तार बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दिया। जिससे चेटर निवासी प्रियांशु मिंज और शांति नगर निवासी आनंद किंडो गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि चेटर निवासी मनीष कुजूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही प्रियांशु बाइक चला रहा था। जबकि आनंद बाइक के सबसे पीछे बैठा था। लेकिन टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनीष कुजूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सभी घायलों को सदर अस्पताल लगाया गया जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

# लोकेया में काम पूरा नहीं, निकल गया पैसा

**कुछ जनप्रतिनिधियों में नाराजगी, लगाया गबन का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई प्रखंड के लकेया पंचायत में स्वीकृत सात योजनाओं में से तीन योजना की राशि की निकासी कार्य के पूर्व ही कर ली गयी। लगभग छह महीने गुजर जाने के बाद भी योजना धरातल पर नहीं उतरी।

इस मामले को लेकर कुछ जनप्रतिनिधि और समाजसेवी इसे सीधा गबन और वित्तीय अनियमितता का मामला बता रहे हैं। और प्रथम दृष्टया में यह गबन का मामला लगता भी है। अब इस कथित गबन के मामले में फिल्हाल कुछ नया अपडेट आया है और काम से पूर्व ही निकाल ली गयी इस राशि के विरुद्ध इन योजनाओं में कार्य शुरू कर दिया गया है।

### क्या है पूरा मामला

इस प्रकरण में पूरा मामला यह है कि 15वीं वित योजनाओं में से लकेया पंचायत के लिए सात योजनाएं स्वीकृत की गयी थी। जिसमें पीसीसी पथ निर्माण नाली निर्माण सहित कुछ अन्य योजनाएं शामिल थी। इन सभी योजनाओं में लाभुक समिति बनाकर योजनाओं को धरातल पर उतरना था। ताकि गांव का विकास हो सके। इन सात योजनाओं में चार योजनाओं पर तो समय से कार्य किया गया लेकिन तीन योजनाओं पर धरातल में काम कुछ भी नहीं दिखाई दिया और राशि के निकासी कर ली गई। राशि की निकासी करने के बाद लगभग 6 महीना बीत गया, लेकिन धरातल योजनाएं नहीं उतरी। इस मामले में यह भी बताया गया कि एक दो लाभुक समिति कुछ नियमों को ताक पर रखकर बनाई गई थी। अगर मुखिया की माने तो जिन लाभुक समितियां पर सवालिया निशान लगा था उनसे पैसे की रिकवरी के लिए भी कहा गया।



जिसके कारण भी योजनाओं को धरातल पर उतरने में कुछ देर हुई।

### शिकायत के बाद बीडीओ ने की थी कारण पृच्छा

इस मामले में शिकायत मिलने के बाद सिसई के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया, जनसेवक, और कनीय अभियंता से 20 जुलाई को स्पष्टीकरण भी मांगा था। इस पर अपना पक्ष रखते हुए मुखिया ने बताया था कि निकाली गई राशि से निर्माण सामग्री खरीद ली गई है और धरातल पर कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा।

### इन योजनाओं में निकासी के बाद शुरू हुआ निर्माण कार्य

सात योजनाओं में से यह तीन योजनाओं में पैसे की निकासी के बाद कार्य शुरू किया गया। इसमें पहले नंबर पर है योजना करमू महली के घर से बड़ा अखड़ा तक पीसीसी सड़क निर्माण। इस योजना में एक लाख 65 हजार रुपए की निकासी की गई थी। इस पर काम शुरू हो चुका है। वहीं दुसरी योजना हीरा उरांव से मुनेश्वर उरांव के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण । इस योजना में एक लाख 65 हजार रुपए निकाले गए थे। मुखिया के अनुसार यहां भी कार्य शुरू कर दिया गया है। तीसरी योजना सनाउल्लाह के घर से रिजवान के घर तक नाली मरम्मती कार्य है। इस योजना के विरुद्ध एक लाख 50 हजार रूपए की निकासी की गई थी। बीडीओ के शोकोज के बाद इस पर भी काम लगा दिया गया है।

### क्या कहती हैं मुखिया

मुखिया का कहना है कि राशि की निकासी कार्य शुरू करने के लिए ही की गई थी। परंतु कुछ परस्तिथियों के कारण काम शुरू नहीं हो पाया था। जिसका उत्तर वे बीडीओ को दे चुकी हैं। अब सभी योजनाओं में कार्य शुरू किया जा चुका है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

कुछ जनप्रतिनिधियो का मानना है कि इन तीन योजनाओं की राशि गबन करने की प्लानिंग कर ली गई थी। जब विरोध शुरू हुआ तो कार्य शुरू करा दिया गया।

## पहली सोमवारी को शिवालयों में लगी भक्तों की भीड़



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सावन की पहली सोमवारी को प्रखण्ड के विभिन्न गांव के शिवालयों भक्तो की भीड़ लगी रही। सुबह से ही शिवभक्त स्नान कर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करने शिवालय की ओर निकल पड़े। पूरे भक्तिभाव से लोगों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मनोकामना मांगी। प्रखंड के कमलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, स्कूल चौक शिव मंदिर, बाजार रोड शिव मंदिर, छठ तालाब शिव मंदिर, थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर, समसेरा स्थित सत्यवानी आश्रम, बूढ़ीपाठ, डोम्बा सहित विभिन्न गांवों के शिवालयों में भक्तो ने जलाभिषेक एवं भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गयी।

## शिवलिंग पर भक्तों ने किया जलाभिषेक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सावन की पहली सोमवारी पर अहले सुबह से देवाकी बाबा धाम मंदिर सहित गांव के कई शिवालियों में भोलेनाथ के शिवलिंग पर भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस क्रम में देवाकी बाबा धाम मंदिर में गुमला लोहरदगा सिमडेगा सहित कई अन्य जिलों के भक्तों ने मंदिर के पीछे स्थित नदी से जल उठाकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुख शांति समृद्धि का आशीष मांगा। भाई प्रबंधन समिति द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद दिखे। साथ ही लंगर की व्यवस्था की गई। मौके पर प्रबंधन समिति के दिलीप साहू, किशोर जायसवाल, विपिन बिहारी सिंह, संतोष मिश्रा, अजय जायसवाल, सोला सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का आवेदन सौंपा

**मनरेगा कर्मी 18 जुलाई से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** राज्य स्तरीय मनरेगा कर्मचारी संघ के द्वारा घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल के पश्चात प्रखंड के समस्त मनरेगा कर्मी हड़ताल पर चले गये हैं। संघ कर्मियों द्वारा सोमवार बीडीओ को मनरेगा कर्मियों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का आवेदन सौंपा गया। इस दौरान मनरेगा कर्मियों ने बताया कि राज्य के सभी मनरेगा कर्मी विगत 18 जुलाई से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर थे। सरकार द्वारा मनरेगा कर्मियों का सेवा स्थाईकरण, सरकारी कर्मियों को मिलने वाली सुविधा मनरेगा कर्मियों को भी उपलब्ध कराने, ग्रेड पे लागू करने और नियमावली



में संशोधन नहीं होने तक समान काम समान वेतन लागू करने की मांग पर कोई कार्रवाई नही किए जाने के कारण अपनी मांगों को लेकर पुरे राज्य के मनरेगा कर्मी 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सरकार द्वारा मांग पुरी नहीं किए जाने तक मनरेगा बीपीओ, मनरेगा कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, समस्त रोजगार सेवक सहित सभी मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# केंद्र और राज्य सरकार ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसा दिलाने में विफल: विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में मंच के जिला कोऑर्डिनेटर सुखदेव कुमार की अध्यक्षता में गुमला कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास विशाल धरना कार्यक्रम आयोजित की गयी। धरना कार्यक्रम में शामिल लोगों द्वारा ननबैंकिंग कंपनी में जमाकर्ताओं की एक ही पुकार जमा पैसे जल्द भुगतान कराये सरकार, सहारा इंडिया बेड़ो बैंक, साईं प्रकाश एपीलाइन पल्स बेसिल सहित विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की भुगतान करो, कोई सरकार से हमारी बैर नहीं लेकिन खून पसीने का जमा पैसा भुगतान नहीं कराने वाली सरकार की खैर नहीं, केंद्र व राज्य




सरकार होश में आओ जैसे जोशपूर्ण नारे के साथ धरना कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा खून पसीने का पैसा भुगतान कराने में पूरी तरह विफल साबित हुई है, यही कारण है कि गाढ़ी कमाई को जमा करने वाले हजारों लोग पैसे भुगतान के लिए दरबदर की ठोकर खा रहे हैं जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भुगतान नहीं होने की स्थिति में सरकार की तख्त भी हिला देने जैसी आंदोलन की जायेगी। श्री सिंह ने डूबा हुआ पैसा निकालने के लिए हो रही बड़ी कोशिश में हिस्सा लेने और 26 जुलाई 2024 को झारखंड सरकार की मानसून सत्र के दौरान राज्य सरकार को दी जाने वाली मांग-पत्र में सहारा इंडिया सहित लोगों के अरबो रुपए जमा पैसे की भुगतान की मांग को भी प्रमुखता से शामिल करने कही है। वहीं 11 सितंबर 2024 को भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष जन प्रदर्शन मे हजारों की संख्या में गुमला जिला से भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त गुमला के माध्यम से प्रधानमंत्री व गृह मंत्री भारत सरकार को विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए एक सूत्रीय मांग-पत्र भेजी गयी। कार्यक्रम में प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, ब्रजकिशोर उरांव, शंकर उरांव, बालेश्वर उरांव, बसंत बडाईक, सुरेश उरांव, अजय तिग्गा, रामचंद्र प्रजापति, अवधेश महली, बालकराम उरांव, रजनी माधुरी मिंज के अलावे भारी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।

## रायडीह में सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में गूंजा हर हर महादेव



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सनातन धर्मावलंबियों के पवित्र श्रावण माह के प्रथम और पहले सोमवार को प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु प्राचीन शिव मंदिर वासुदेव कोना, महासदा शिव मंदिर मरदा, प्रखंड कॉलोनी रायडीह, भलमंडा, हिरादह धाम, डांगरडेबा आदि के मंदिर में सुबह से भीड़ थी। सभी पंक्तिबद्ध होकर धैर्य और अनुशासन का परिचय देते हुए अपनी बारी का इंतजार कर जल अर्पित कर पूजा अर्चना किया।और मथया टेक कर मनोकामना पूर्ण हेतु कामना किया। हर हर महादेव, भोले बाबा की जय, भोले शंकर की जय, बोलबम बोलबम आदि के जय जयघोष से गुंजायमान रहा।

# गर्मी पड़ने का मुख्य कारण जंगल में पेड़-पौधों की कमी होना है : राजकुमार अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के अंतर्गत सोमवार को लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा पौधा रोपन का कार्यक्रम गुमला महिला महाविद्यालय के परिसर में क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल एवं महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सीमा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सीमा ने उपस्थित सदस्यगण को संबोधन करते हुए कहा कि लायंस क्लब एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक समाजिक मजबूत संस्था है, जिसका एक शाखा गुमला मे भी कार्यरत है। जो आये दिन जनसेवा की भावना से गुमला के लोगों के बीच कार्य कर रहा है। महाविद्यालय में लायंस क्लब एवं उनके सदस्यगण के द्वारा पौधपारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण




को शुद्ध करने में अपना योगदान कर रहे है। पेड़-पौधा के बिना मानव जाति का अस्तित्व असंभव है। लायंस क्लब ऑफ गुमला के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हमारा जिला पेड़-पौधे, जंगल-पहाड़ से घिरा हुआ है, लेकिन आज गुमला में गर्मी काफी पड़ रहा है इसका मुख्य कारण है जंगल मे पेड़ पौधो की कमी होना। अपने परिवार और बच्चों को आने वाले समय मे शुद्ध अक्सीजन मिले इसके लिए हर आदमी को एकजुट होकर पौधा-रोपन कार्यक्रम आयोजित करने की कोशिश करना चाहिए। क्लब के सचिव अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि लायंस क्लब हर साल के बरसात में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित बिगत कई सालों से करता आ रहा है। प्रदूषण का स्तर दिनों दिन बढ़ रहा है। इससे लड़ने का एक मात्र तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस अवसर पर लायंस अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, लायंस पूर्व अध्यक्ष शंकर जाजोदिया, बनवारी लाल अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## दिरगांव में किशोरी ने लगायी फांसी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के दिरगांव गांव में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम गुमला भेज दिया। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि किशोरी तारामणि कुमारी अपने जीजा संतोष चिक बड़ाइक के घर बचपन से ही रह रही थी। रविवार को सभी लोग खेत में काम करने के लिए घर से निकले थे। घर में अकेले से तारामुनी कुमारी थी। देर शाम जब सभी कोई घर लौटे। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद काफी खुलवाने का प्रयास किया गया। लेकिन दरवाजा नहीं खुलने की स्थिति में बगल के रूम के भेंटीलेटर से अंदर जाकर देखा गया। तो घर के पंखे में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर तारामणि झूल रही है और उसकी मौत हो गयी थी। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# वेंडर वाउचर और मास्टर रोल सत्यापन में हस्ताक्षर नहीं करने की शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के कुहीपाठ पंचायत की मेट करमी देवी ने सोमवार को गुमला उपायुक्त को हस्तलिखित आवेदन देकर मुखिया व पंचायत सचिव के द्वारा वेंडर वाउचर व मास्टर रोल सत्यापन में हस्ताक्षर नहीं करने का शिकायत की है। आवेदन में करमी ने कहा है कि वह मनरेगा में मेट है गुनिया गांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य कर रही है योजना संख्या 2421 है। कार्य लगभग पूर्ण की स्थिति में है लेकिन मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा मटेरियल वाउचर एवं मास्टर रोल में हस्ताक्षर नहीं करने के कारण पेमेंट नहीं मिल रहा है। मास्टर रोल में 15867 एवं मेटेरियल में 2 लाख 30 हजार ही मिला है। साथ ही करमी ने यह भी बताया कि जो वेंडर से सामग्री ली है उसका वाउचर लेकर गयी लेकिन पंचायत के मुखिया फगुआ उरांव व पंचायत सचिव वीरेंद्र साहू ने कहा कि हम लोग को पहले 5% राशि कमीशन जमा करो तब आगे काम होगा नहीं तो वेंडर अर्जुन साहू का वाउचर लेकर आव तब तुम्हारा काम होगा। क्योंकि करमी जिम्मी इंटरप्राइजेज से सामग्री ली है तो जिम्मी इंटरप्राइजेज का ही वाउचर करमी हस्ताक्षर कराने गई थी। करमी ने यह भी बताया कि पैसा नहीं मिलने के कारण लेबर से लेकर सभी लोग पैसा के लिए परेशान कर रहे है। मुखिया फगुआ उरांव रोजगार सेवक को भी मास्टर रोल एवं डिमांड में हस्ताक्षर नहीं करने देता है मुखिया का कहना है कि हम खुद डिमांड और मास्टर रोल निकलेंगे इतना ही नहीं सभी मास्टर रोल में मुखिया एक दिन का हाजिरी भी मांगता है।

## कुंज नगर शिवालय में सामूहिक जलाभिषेक उमड़ा भक्तों का सैलाब, भंडारे का आयोजन

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सावन की पहली सोमवारी को जिले के देवालय में शिव भक्तों का सैलाब सावन की पहली सोमवार पर जिले के सभी शिवालयों में शिव भक्तों का सैलाब हर हर महादेव बोल बम आदि नारों के साथ पूरी भक्ति भाव आस्था के साथ भगवान शिव पर जलाभिषेक किया। इसके साथ ही जिले के सभी शिवालयों में दिनभर भक्तों का सैलाब पूजा अर्चना के लिए उमड़ा रहा। कुंज नगर देवालय के उत्साही युवा कांवरिया के जत्थे को जिले के प्रसिद्ध शंख नदी से जल लेकर कुंज नगर शिवालय में जलाभिषेक करने की विशेष व्यवस्था की थी। जिसमें बड़ी संख्या में कांवरिया बाबा के भजनों पर झूमते हुए भक्ति में लिंन ओम नमः शिवाय बोल बम व हर हर महादेव की महामंत्र का जाप करते हुए चल रहे थे। कुंज नगर में सामूहिक जिला अभिषेक करने के बाद भंडारे का व्यवस्था किया गया। जिसमें शिव भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम के संचालक व कुंज नगर के पूर्व वार्ड आयुक्त समाज सेवी राम जी यादव ने कहा कि कुंज नगर देवालय के उत्साही युवाओं के द्वारा प्रत्येक वर्ष सावन में भक्तों के जलाभिषेक के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है।

## गुमला में ऑटो और बाइक के बीच टक्कर में महिला की मौत, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर गुमला लोहरदगा एनएच 143 ए खटवा नदी के भुआल टोली मोड़ पर सोमवार को ऑटो और तेज रफ्तार बाइक के बीच हुए सीधी टक्कर में 45 वर्षीय महिला मानती देवी की मौत हो गई जबकि उसका पति छन्दू लोहरा गम्भीर रूप सर जख्मी हो गया। इस घटना में बाइक सवार दो युवक भी गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनके नाम है मुन्ना उरांव, सुनील उरांव। दोनो गुमला थाना क्षेत्र के सीसी गांव के रहने वाले हैं। यह घटना आज अपराह्न करीब चार बजे की है। जानकारी के मुताबिक घाघरा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर भुआल टोली निवासी मानती देवी और उसके पति छन्दू लोहरा घाघरा सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र से इलाज करा कर ऑटो से अपने गांव लौट रहे थे। मानती देवी के कान में दर्द हो रहा था। उधर सीसी गांव के दोनों बाइक सवार युवक ने शराब पी रखी थी, और उनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। जैसे ही ऑटो भुआल टोली सड़क की ओर जाने के लिए मुड़ी तेज रफ्तार बाइक ऑटो से जा टकराई । जिससे ऑटो पलट गई ,जिससे ऑटो में सवार मानती देवी गम्भीर रूप से घायल हो गए। वही बाइक सवार युवक की इस घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो से सभी घायलों को गुमला सदर अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मानती देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से जख्मी बाइक सवार सुनील उरांव को डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया।

## वृद्ध महिला की पत्थर से कूच कर हत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के सोसो कदमटोली के समीप रविवार को अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से सिर कूचकर वृद्ध महिला रोपनी उरांव की हत्या कर दी। गुमला पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के बेटे टीटू टोप्पो ने बताया कि उसकी मां रोपनी उरांव भलदम चट्टी स्थित घर से दोपहर ढ़ाई बजे की करीब घर के बगल के पड़ोसी संतोष उरांव के साथ निकली थी। उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। उसके घर से निकलने के कुछ देर बाद बकरी चराने वालों द्वारा उसकी मां की हत्या होने की खबर मिली।

# सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर सुखदेव भगत ने संसद में किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्थानीय सांसद सरना कोड को लेकर संसद भवन के समक्ष काफी मुखर प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह आदिवासियों की अस्मिता की लड़ाई है जब तक केंद्र सरकार जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड़ लागू नहीं करती है तब तक यह लड़ाई जारी रहेगा। नई दिल्ली में सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत संसद परिसर में केंद्र सरकार से जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते नजर आ रहे




हैं। इस अवसर पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा की झारखंड में लगभग 70 लाख सरना धर्म को मानने वाले लोग हैं। आदिवासी प्रकृति के पुजारी हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति, विशिष्ट रीति रिवाज का संरक्षण और संस्कृति के रक्षा हेतु केंद्र सरकार अविलंब सरना धर्मकोड को जनगणना कॉलम में शामिल करें। श्री भगत ने कहा कि जंगल में बाघ/ शेर की गणना हो सकती है तो आदिवासियों की धार्मिक पहचान के लिए जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड़ क्यों नहीं लागू करना चाहती है केंद्र सरकार। यह आदिवासियों की अस्मिता की लड़ाई है। जब तक केंद्र सरकार जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड़ लागू नहीं करती है तब तक यह लड़ाई जारी रहेगा।

# मतदान से वंचित न रहे कोई मतदाता : डीसी

**नाम जांचो अभियान में लोग दिखायें दिलचस्पी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान के अधिकार से कोई भी मतदाता वंचित न रहे जिसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड सरकार, निर्वाचन विभाग के निर्णय के आलोक में प्रशासक नगर परिषद गुमला द्वारा आप सभी नगर परिषद के मतदाताओं से अनुरोध किया जा रहा है की दिनांक 25 जुलाई 2024 को #NaamJancho अभियान में आप अपनी भागीदारी देते हुए इस अभियान को सफल बनायें। इस हेतु आप सभी नगर परिषद के मतदाताओं से अनुरोध है की 25 जुलाई 2024 को दिन के 12:00 बजे से 1:00 बजे तक सभी मतदाता, मतदाता सूची में अपने नाम की जांच वोटर सर्विस पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से तथा उक्त समय पर आपके मतदान केंद्रों में उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची में अपना नाम जांच कर संतुष्ट होते हुए किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर या मोबाइल नंबर 7781815959 पर व्हाट्स कर इस आशय का पोस्ट #NaamJancho के साथ करें अथवा फोटो भेजे तथा अपने आस पड़ोस के लोगों को भी इस अभियान का हिस्सा बनने हेतु प्रेरित करें।

## तीन बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



सिसई (आजाद सिपाही)। सिसई पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी बघनी निवासी सदाब अंसारी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है वहीं सदाब के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के तीन बाइक भी बरामद किया है। इस बावत थाना प्रभारी ने बताया कि बीते 16 जुलाई को चोरी के नौ बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया था, इस मामले में ही पुलिस सदाब अंसारी की तलाश कर रही थी, गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को सदाब को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी के और तीन बाइक भी बरामद किया गया है। कांड में अब तक कुल 12 चोरी के बाइक बरामद हुई है।

## खेती किसानी हमारे जीवन का आधार है : कर्नल संजय सिंह


धान का बिचड़ा निकालते कर्नल संजय सिंह व अन्य।

**जनसंपर्क अभियान के क्रम में लोगों के साथ धानरोपनी भी की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह का हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान लागातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को एकौनी से लौटने के क्रम में अचानक उनकी नजर महुअरी गांव के खेतों में बीचड़ा निकाल रहे किसानों एवं धान रोपाई कर रहीं महिलाओं पर पड़ी। जिसके कुछ देर बाद किसानों से संवाद करते हुए कर्नल संजय सिंह भी खेतों में उतर गये। उन्होंने किसानों के साथ धान का बीचड़ा निकाला एवं महिला मजदूरों के साथ मिलकर धान की रोपाई भी की। कर्नल संजय सिंह ने बताया कि किसान और उनके लहलहाते खेत, कृषि कार्य करते हुए किसानों के बीच रहने का जो आत्मीय सुख है, शायद कहीं और नहीं हैं। खेती किसानी जीवन का आधार हैं। बता दे की हुसैनाबाद नहर से सटे पश्चिमी भू-भाग में धानों की रोपाई शुरू हो गयी है। इसी क्रम में कर्नल संजय सिंह महुअरी के प्रतिष्ठित किसान सह पूर्व मुखिया रहें स्व. जगदीश सिंह के पुत्र बद्रीनारायण सिंह के यहां अचानक पहुंच कर कृषि कार्य में लगे किसानों से मिले और रोपाई कार्य में लगे मजदूरों के साथ दोपहर में ठेकुआ व कढ़ी भात का आनंद लिया। उन्होंने धान रोपाई के साथ ही उनके बीच भाजपा की विचारधारा व मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया।

## बसपा का विधानसभा स्तरीय बैठक 27 को



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बसपा का विश्रामपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक 27 जुलाई को बी मोड़ में आयोजित होगी। इसकी जानकारी बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य प्रभारी रामजी गौतम के अलावा राज्यसभा सांसद गयाचरण दिनकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामबाबू चिरगाईया, श्रीकांत कुमार आदि शामिल होंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा होगी। उन्होंने बसपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने अपील की है।

## ज्योति कंस्ट्रक्शन में मजदूर का कटा हाथ



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ज्योति कंस्ट्रक्सन पत्थर करेशर प्लांट में रविवार की रात काम करने के दौरान एक मजदूर का हाथ कट गया। उनकी पहचान रमेश नायक के रूप में हुई है। वह ओडिशा का रहने वाला है। घटना के बाद काम कर रहे अन्य मजदूरों ने देखा और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज ले गये। जहां इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा कि मजदूर की स्थिती नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि ओडिशा के मजदूर का बांटा हाथ कट गया है। उसके परिजनों द्वारा अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है। शिकायत होने पर कार्रवाई होगी।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत मैगा कैंप आज

## बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता


बीडीओ वरुण कुमार।

**तरहसी/पलामू।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पलामू जिले के तरहसी प्रखंड में मंगलवार को मेगा कैंप आयोजित होगा। इसकी जानकारी बीडीओ वरुण कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि बेरोजगार युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है इसका लाभ प्रखंड के सभी पंचायत के बेरोजगार युवा उठा सकते है। आधार कार्ड से कैंप के माध्यम से अपना पंजीकरण कराते हुए समय पर तरहसी ब्लॉक में पहुंचे। यह कार्यक्रम प्रखंड सभागार में सुबह 11.30 बजे से शुरू होगा। शिविर में जो भी लाभ लेना चाहते है अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, आय, जाति स्थानीय, प्रमाण पत्र की छायाप्रति सरकारी नौकरी नहीं होना शपथ पत्र लेकर पहुंचे। ताकि मौके पर ही एंट्री कराया जा सके। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग से यह कैंप लगाया जाएगा। अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक हैं तो वह अधतन कोटेशन के साथ शिविर में भाग ले सकते है। इसके लिए पंचायत स्तर पर भी प्रचार प्रसार कराया गया है।

## सुर संगम कला केंद्र में मना गुरु पूर्णिमा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रेड़मा स्थित संगीत विद्यालय सुर संगम कला केंद्र में रविवार की शाम गुरु पूर्णिमा मनाया गया। सबसे पहले प्रातः कालीन पूजा की गई। इसमें केंद्र के संगीत गुरु राम- श्याम बंधु व प्रशिक्षण ले रहे छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरु के समक्ष अपनी प्रस्तुति देकर आशीर्वाद लिया। दूसरे सत्र में संध्याकालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें शहर के कई वरिष्ठ कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। भजन संध्या में अभिषेक मिश्रा व अभिनव मिश्रा की जोड़ी ने गुरु भजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विश्वजीत पाठक, नारायण शुक्ला,सतीश तिग्गा, इमरान अंसारी आदि मौजूद थे।**

## भगवान शिव की भक्ति से मिलती है अलौकिक शक्ति : डॉ चंद्रवंशी

**सावन की पहली सोमवारी को शिव-पार्वती व अष्टभुजी मंदिर प्रांगण से निकली कांवड़ यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** श्रावण माह की पहली सोमवारी पर विश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज परिसर स्थित अष्टभुजी व शिव-पार्वती मंदिर प्रांगण से कांवर शोभायात्रा निकाली गयी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। कांवरिया चार किलोमीटर पैदल चल कर भलुही गांव के खुटिसोत नदी तट पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर वापस मंदिर पहुंचे। वहां धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिव-पार्वती सहित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं पर जलाभिषेक किया गया। मंदिर प्रबंधन द्वारा भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ों श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से अलौकिक शक्ति मिलती है। भक्ति से मिले शक्ति को हमेशा सदकार्यो में लगाना चाहिए।

## रमेश अध्यक्ष और मुबारक अंसारी बने उपाध्यक्ष

**झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन की बैठक, विश्रामपुर इकाई का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन की बैठक सोमवार को विश्रामपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता फेडरेसन के प्रमंडलीय अध्यक्ष संतोष कुमार और संचालन प्रमंडलीय प्रभारी शशांक कुमार ने किया। बैठक में आठ मांगों पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा फेडरेसन के विश्रामपुर इकाई का गठन हुआ। जिसमें रमेश कुमार को अध्यक्ष व मुबारक अंसारी को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं सुमित कुमार को सचिव, राजेश प्रसाद को कोषाध्यक्ष, नीरज कुमार संगठन मंत्री और सुबोध कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जबकि दीपक कुमार को जिला संयोजक चुना गया। बैठक में रवि कुमार, अमित कुमार, अनिल राम, अल्ताफ अंसारी, पिंटू कुमार, छोटू कुमार व अरुण राम आदि थे।

### फेडरेशन ने विधायक को भेजा मांग पत्र

बैठक के बाद फेडरेशन ने पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को आठ सूत्री मांग पत्र भेजा गया। जिसमें निकाय में कार्यरत दैनिक व संविदाकर्मियों की सेवा नियमित करने, निकायकर्मी का वेतन भुगतान शत प्रतिशत सरकारी मद से करने, निकाय के सेवानिवृत कर्मियों को सरकारी कोष से सेवानिवृति लाभ देने, निकाय में उच्चतर पदों पर निकाय कर्मियों को पदोन्नति करने, आउट सोर्सिंग मजदूरों का मजदूरी भुगतान सरकारी स्तर से करने, कर्मियों को जीवन बीमा का लाभ देने, झारखंड चयन आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 16/2023 को रद्द करने और चिकित्सा, जीवन बीमा का लाभ राज्य सरकार द्वारा प्रदान करने का मांग प्रमुख हैं। फेडरेसन ने विधायक से अपील की है कि उनकी मांगों को विधानसभा में उठाकर उन्हें न्याय दिलाएं।

## संत मरियम स्कूल के पांच खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण



**संत मरियम के रोशन को मिला बेस्ट झारखंड फाइटर अवॉर्ड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता (20-21 जुलाई) का आयोजन धनबाद के सरस्वती विद्या मंदिर में की गयी थी। जिसमें संत मरियम स्कूल के रोशन कुमार ने धनबाद और बोकारो जिला के खिलाड़ियों को हराते हुए स्वर्ण पदक जीता। रोशन ने बेस्ट फाइटर अवॉर्ड के लिए भी फाइट किया जिसमें उसने रामगढ़, चाईबासा की टीम को हरा कर बेस्ट फाइटर अवॉर्ड जीता। वहीं, सनी कुमार और अभिषेक कुमार टीम फैरी शोती खेलते हुए स्वर्ण पदक जीते। आर्यन पांडेय और अतुल सिंह अंडर 11 में टीम फैरी शोती खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। जीत के बाद विद्यालय में खिलाड़ियों को आने पर के प्रबंधन ने उनका धूमधाम से स्वागत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि गतका भारत का स्वदेशी खेल है। जिसमें बच्चे बेहतर प्रदर्शन करके खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना रहे हैं। इन खिलाड़ियों को संत मरियम स्कूल के परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं। कहा कि आप निरंतर इसी प्रकार आगे बढ़ते रहें, स्कूल का साथ सदैव आपके साथ हैं। वहीं दूसरी ओर, स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह पलामू गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता के लिए किया गया हैं जो 21 अगस्त से 27 अगस्त तक पंजाब में आयोजित की जाएगी।

## भाजपा संगठन मंत्री से मिली संध्या दोनों में सांगठनिक विषयों पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने सोमवार को रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राज्य के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषय पर चर्चा हुई। संध्या सिंह ने संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की भावनाओं से अवगत कराते हुए तैयारी के बारे में भी बताया। संध्या सिंह ने विस क्षेत्र के मुद्दे और समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी। संगठन मंत्री ने संध्या सिंह को पार्टी व महिला शाखा को और मजबूत व विस्तारित करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। इससे पहले रविवार को संध्या सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से भी औपचारिक मुलाकात की थी।

## हरिहरगंज-पीपरा में लगा मेगा ऋण शिविर, मिले कई आवेदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कल्याण विभाग के तत्वाधान में पलामू डीसी के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड परिसर में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग दिव्यांग युवाओं के लिए कल्याण विभाग की ओर से एक दिवसीय मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे बेरोजगार महिला पुरूषों ने ऋण प्राप्ति के लिए नियमानुसार आवेदन जमा कर पंजीकरण कराया। इसे लेकर प्रखंड परिसर में अलग-अलग तीन स्टॉल लगाए गए थे। जहां करीब 350 महिला-पुरुषों ने आवेदन जमा कराए। इस संबंध में प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि शिविर में बेरोजगारों की ओ्र से मुर्गी, सुअर, बकरी पालन और व्यवसायिक वाहन के लिए आवेदन जमा कराए गए। इस अवसर पर आकांक्षी प्रखंड कोर्डिनेटर प्रणव कुमार, बीएओ सह एमओ ब्रजेश कुमार, उर्मिला देवी, कंप्यूटर ऑपरेटर शिवम कुमार, आफताब आलम, पंचायत सेवक इंद्रदेव यादव आदि उपस्थित थे। वहीं, पीपरा प्रखण्ड परिसर में लगे कैंप में बेरोजगारों ने 120 आवेदन जमा किए। जिसमें साधारण ऋण के लिए 115 आवेदन और 5 आवेदन बड़े व्यवसाय के लिए जमा किए गए।

# स्पोर्ट्स



श्रीलंका दौरे पर रवाना होने से पहले मुंबई में टीएम इंडिया के नए हेड कोच गौतम गंभीर और चीख सेलेक्टर अजीत अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन किया। इस दौरान हार्दिक पांड्या को टी-20 की कप्तानी नहीं मिलने का कारण स्पष्ट किया गया।

## रोहित शर्मा और विराट कोहली खेल सकते हैं 2027 वर्ल्ड कप : गौतम गंभीर

### फिटनेस की वजह से हार्दिक पांड्या को नहीं मिली टी-20 की कप्तानी : अजीत अगरकर

एजेंसी

**मुंबई।** श्रीलंका दौरे पर जाने से पहले टीम इंडिया के नए हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने सोमवार को मुंबई में संवाददाता सम्मेलन किया। जिसमें अजीत अगरकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि 'सूर्यकुमार यादव को टी-20 का कप्तान इसलिए बनाया गया, क्योंकि वह योग्य उम्मीदवारों में से एक हैं। वे बेहतर टी-20 बल्लेबाजों में से एक हैं। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेले। हार्दिक पंड्या की फिटनेस ही उनके लिए एक चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि 'हार्दिक काफी अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस चिंता का विषय है। चयनकर्ताओं और कोच के लिए उन्हें हर मैच खिलाना मुश्किल हो जाता है। हम ऐसा कप्तान चाहते थे जो सभी मैच खेलने के लिए उपलब्ध हो। सूर्या में सफल होने के लिए सभी आवश्यक गुण हैं।'



### 27 जुलाई से खेली जाएगी सीरीज

टीम इस दिन दोपहर मुंबई एयरपोर्ट से श्रीलंका के लिए रवाना हुई। गंभीर और चीफ सिलेक्टर अगरकर ने श्रीलंका दौरे के लिए 18 जुलाई को भारतीय टीम का ऐलान किया था। टीम के ऐलान में सबसे बड़ा फैसला हार्दिक को टी-20 की कप्तानी न देने का रहा है। श्रीलंका में टीम इंडिया 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला पल्लेकेले में 27 जुलाई की शाम सात बजे से खेला जाएगा। वनडे सीरीज की शुरूआत दो अगस्त से कोलंबो में होगी। वहीं, नए हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा कि 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दिखा दिया है कि वे बड़े मंच पर क्या कर सकते हैं, चाहे वह टी-20 वर्ल्ड कप हो या वनडे वर्ल्ड कप। उन दोनों खिलाड़ियों में अभी बहुत क्रिकेट बचा है। चैंपियंस ट्रॉफी है, ऑस्ट्रेलिया सीरीज है, फिर अगर फिटनेस अच्छी रही तो 2027 वर्ल्ड कप खेल सकते हैं।'

### मेरा-कोहली का रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

गंभीर ने कहा कि 'विराट कोहली के साथ किस तरह का रिश्ता है, यह टीआरपी के लिए नहीं है। फिलहाल, हम भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम 140 करोड़ भारतीयों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह एक वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं। मैंने कई बार कहा है कि हम दोनों मिलकर टीम इंडिया के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और 140 करोड़ लोगों को गौरवान्वित करेंगे।'

### भारतीय कोच गंभीर का पहला असाइनमेंट

गौतम गंभीर हाल ही में टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं। बतौर भारतीय कोच गंभीर की यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस रही। वहीं बतौर उनका यह पहला असाइनमेंट भी होगा। 42 साल के गंभीर ने द वॉल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ की जगह ली है। द्रविड़ का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो गया। गंभीर का कार्यकाल जुलाई 2027 तक रहेगा।

### जडेजा को वनडे टीम से बाहर नहीं किया गया : अगरकर



**अजीत अगरकर ने कहा कि 'रवींद्र जडेजा को वनडे टीम से बाहर नहीं किया गया है, वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। वे टीम की रणनीति का हिस्सा बने रहेंगे। हर खिलाड़ी जो टीम से बाहर होता है, उसे लगता है कि उसके साथ बहुत बुरा हुआ है। कभी-कभी ऐसा ही होता है, सभी को 15 में शामिल करना मुश्किल होता है। एक ही छोटी सी सीरीज में अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा दोनों को लेना ठीक नहीं होता।'**

### श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 स्क्वॉड



सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

### श्रीलंका दौरे के लिए वनडे स्क्वॉड



रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप कप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

## समृद्धि की पाठशाला में बच्चों को खुश देख मन को सुकून मिलता है : आरती



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था संसाधन के अभाव में जितना कुछ कर लेती है उतना करना ईश्वरीय कृपा ही मानी जा सकती है। सदस्यों की निःस्वार्थ सेवा नागरिकों को सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है। समाज के प्रति सजग संवेदनशील आरती श्रीवास्तव जो रिटायर्ड शिक्षिका (भागलपुर) हैं उनका सहयोग हमेशा प्राप्त है। समृद्धि की पाठशाला के बच्चों को शिक्षित होते देख बहुत खुश होती हैं। आज बच्चों को भोजन करवाने की पूरी व्यवस्था उन्हीं की ओर से थी। मिशन की प्रबंधक अहिल्या गिरि ने बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, आशा शर्मा और रंजीता का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# ट्रैफिक जाम और दुर्घटना रोकने को सड़क सुरक्षा समिति करे गंभीरता से काम: डीसी

## सड़क अवरुद्ध करने वाले आवारा व पालतू पशुओं को किया जायेगा जब्त

### सभी मोड़-चौराहों पर ऑटो, ई रिक्शा सहित वाहनों की पार्किंग पर लगेगा प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी माधवी मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं, ट्रैफिक जाम, गलत दिशा में चलने वाले वाहन, शहरी क्षेत्रों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क अवरुद्ध करने वाले आवारा व पालतु पशुओं के अलावा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सड़क सुरक्षा समिति गंभीरता से काम करें। सड़क सुरक्षा को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए नगर निगम, परिवहन कार्यालय, यातायात पुलिस, आरसीडी, एनएच, एनएचएआई सहित अन्य विभाग समन्वय बनाकर व्यवस्था को ठीक करने के लिए कारगर कदम उठाए। साथ ही सभी मोड़ और चौराहों पर ऑटो, ई रिक्शा व अन्य वाहनों के पार्किंग पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही सड़क पर अवैध कट को बंद करने का भी निर्देश दिया। शहर में कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जिसमें कई परिवार खत्म हो जाते हैं। यह दर्दनाक और संवेदनशील है। इसके प्रति गंभीरता बरतते हुए सभी विभाग कम करें। बैठक में गोविंदपुर और निरसा में सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, कोर्ट मोड़ और सरायढेला स्टील गेट में सड़क जाम को दूर करने, जोड़ापीपल मोड़ के पास रंबल स्ट्रिप लगाने, गोविंदपुर मोहन पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर में क्रॉसिंग के दोनों ओर रंबल स्ट्रिप लगाने, झरिया से डिगवाडीह रोड में बने स्पीड ब्रेकर्स पर पेंट करने सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए समिति लगातार काम कर रही है। जिसके तहत 18 ब्लैक स्पॉट में नियमित सुधार किया गया है। इसके बाद 13 स्थान ब्लैक स्पॉट के दायरे से बाहर हो गए हैं। छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिला परिवहन कार्यालय, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर तथा डीसीपी ट्रैफिक द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1448 वाहनों से 44 लाख रुपए से अधिक दंड राशि वसूली गई है। इस मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीएसपी (ट्राफिक) अरविंद कुमार सिंह, एनएचएआई दुर्गापुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष कुमार, एनएचएआई धनबाद से राजीव रंजन, एनएच धनबाद के सहायक अभियंता अशोक प्रसाद, आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता पंकज कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनिल कुमार आदि मौजूद थे।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करती डीसी माधवी मिश्रा।

## नवनिर्मित गौ गृह का उद्घाटन और वृक्षारोपण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** काकोमठ स्थित श्री गंगा गौशाला कतरास करकेंद्र में सोमवार को कोलकाता के समाजसेवी बृजमोहन गाडोदिया व उनकी पत्नी नीरा गाडोदिया ने संयुक्त रूप से 9 हजार वर्गफीट में नवनिर्मित गौगृह का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने परिसर का अवलोकन और निरीक्षण कर सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप लगाने का भी सुझाव दिया। वहीं केचुआ खाद, गौकाष्ठ के प्रचार प्रसार को लेकर भी उन्होंने कई सुझाव समिति को दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, महासचिव महेश अग्रवाल, सचिव दिपक अग्रवाल, ललित कटेसरिया, कोषाध्यक्ष डीएन चौधनी, कृष्ण कन्हैया राय, अशोक शर्मा, राजन खण्डेलवाल आदि थे।

## यूनाइटेड कोल वर्क्स में शामिल हुए विभिन्न यूनियनों के सदस्य

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट के ट्रक लोडर के 69 दंगल के 25 दंगल असंगठित मजदूरो ने अन्य यूनियन जनता श्रमिक संघ (जश्रसं), बीसीकेयू झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कस यूनियन एटक का दामन थाम लिया। धनसार राइज एरिया बस्ती में सभा आयोजित कर शाखा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुभाष मुर्मू, सचिव आजादी चौहान व कोषाअध्यक्ष पवन गोप को बनाया गया।

**MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

e-Procurement Notice

(3rd Call)

Short Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-5/2024-2025

Date :-19/7/2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Name of Scheme | | Estimated Cost (Rs. In Lakh) |
| | Construction of Single Check Dat at Banai Nala in Vill.-Banai ,Block-Rania,Dist.-Khunti. | | 92.30806 |
| 2. | Time of Completion | 335 Days | |
| 3. | Date of Publication of E -Tender on website | 29.07.2024 at 2.00 PM | |
| 4. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 5.08.2024 up to 5:00 PM | |
| 5. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 5.08.2024 up to 5:00 pm | |
| 6. | Date of Opining Tender | 07.08.2024 at 2:00 PM | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. | |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 7320969093 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in | |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2491232 | |

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 330249 Minor Irrigation(24-25).D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Khunti.

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आम आदमी पार्टी ने फूंका बीसीसीएल सीएमडी और लोदना जीएम का पुतला




**झरिया (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए सोमवार को आम आदमी पार्टी ने झरिया इंदिरा चौक के समीप प्रदर्शन किया। इस दौरान बीसीसीएल के सीएमडी एवं लोदना एरिया 10 के जीएम का पुतला भी दहन कर विरोध जताया। आप नेताओं ने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारियों से कई बार पेयजल को लेकर वार्ता हुई। पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया गया। बूढ़ीबांध, जेलेगोरा, डिगवाडीह सहित अन्य क्षेत्रों में बीसीसीएल द्वारा पीट वाटर की सप्लाई जी जा रही थी, लेकिन बीसीसीएल के गलत नीति के तहत पीट वाटर सप्लाई बंद कर दिया। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। महासचिव मदन राम ने कहा कि पूरे धनबाद जिले में बीसीसीएल गलत उत्खनन कर भूमिगत जल को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। आज लोग कुआं खोदकर और चापाकल लगाकर भी पानी नहीं मिल पा रहा है। कहा कि पूर्व की भांति बीसीसीएल हर जगह में पीट वाटर को पुणः चालू नहीं करती हैं तो आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

### खेतिहर भूमि पर ओबी डंप गिराने के खिलाफ भाकपा-माले का प्रदर्शन जारी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एंटी देवप्रभा कंपनी के खिलाफ भाकपा-माले का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। इसका मुख्य कारण किसानों की जमीन पर आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जबरन ओबी डंप गिराना है। इससे किसानों की खेतिहर जमीन की उर्वरक शक्ति खराब हो रही है। इसे लेकर कई दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी बीच सोमवार को भाकपा-माले के धनबाद जिले की एक टीम से कॉमरेड नकुल देव सिंह के नेतृत्व में धरना स्थल पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिये। कहा कि बीसीसीएल आउटसोर्सिंग प्रबंधन जिला एवं स्थानीय प्रशासन सहित संबंधित पदाधिकारी को धरना प्रदर्शन की पूर्व सूचना दी गयी थी। पर रैयतों के साथ वार्ता नहीं की जा रही है। आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गे रैयतों को झूठे केस में फंसाने, जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। रैयतों ने मांग है कि सबसे पहले संबंधित क्षेत्र में ओबी डंप गिराना बंद हो, और किसानों से वार्ता कर समस्या का समाधान की जाए। जिला टीम में मलिक के एरिया प्रभारी नकुल देव सिंह, युवा नेता संदीप कौशल, काजल मंडल, अजय प्रजापति, भोजोहरि महतो, विनोद कालिंदी, डोमन महतो, भागीरथ महतो व अमित महतो आदि थे।

### बदलते मौसम से होनेवाली बीमारियों से बचाव को लेकर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को सीएचसी सदर से डॉ अलका ने सभी दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्हें बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से अवगत कराया। बरसात के मौसम में आद्रता बढ़ने से पसीने से होने वाले त्वचा रोग की परेशानी से निजात पाने के तरीके बताए और ज्यादा पानी पीने व हेल्थी खाना खाने की सलाह दी। जंक फूड से परहेज करने को कहा। जिन बच्चों को ज्यादा परेशानी थी उन्हें अस्पताल जाने की सलाह दी। वहीं, सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि सीएचसी सदर से चिकित्सक हर महीने की 18 तारीख को बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने आते हैं, ताकि किसी भी बीमारी की सही वक्त पर इलाज होने पर बच्चे भी स्वस्थ्य जीवन व्यतीत कर सकें।

## हिंदू कल्याण मंच ने किया प्रत्येक सोमवारी को मांस की दुकानें बंद रखने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** हिंदू कल्याण मंच के सदस्यों ने फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में इस साल भी पवित्र श्रावण महीने के प्रत्येक सोमवार को सभी प्रकार के मांसाहारी (मीट, मछली, मुर्गा एवं अंडे) आदि दुकानों को बंद करने का आग्रह किया है। इसे लेकर नप के कार्यपालक पदाधिकारी के नाम ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही नगर के सभी दुकानों में जाकर अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखने के लिए निवेदन किया, ताकि माताएं, बहनें एवं भाईयों को मंदिरों में पूजा करने के रास्ते में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। नगर के सभी दुकानदारों ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि वे स्वेच्छा से सोमवार को अपनी दुकानें बंद रखेंगें। इस मौके पर हिंदू कल्याण मंच फुसरो नगर अध्यक्ष गोपी डे, रोहित कुमार, दुर्गा कुमार, राहुल मिर्धा, कृष्णा मिर्धा, आशीष कुमार तुरी और आदर्श मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### सहायक अध्यापकों पर लाठीचार्ज होना दुर्भाग्यपूर्ण : डिंपल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेएलकेएम के धनबाद महानगर अध्यक्ष डिंपल चौबे ने राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ सोमवार को जबकर निशाना साधा। कहा कि सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने का वादा करके हेमंत सरकार सत्ता में आई। पर अब वेतनमान देने की जगह सहायक अध्यापकों पर लाठियां चलवा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। सहायक अध्यापक अल्प मानदेय में 20-22 वर्षों से काम कर रहे हैं। उनकी मांगे जायज है।

### शिवालयों में उमड़े शिव भक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बैदकारो/बेरमो।** श्रावण माह की पहली सोमवारी को शिव भक्तों का उत्साह गुणा बढ़ा रहा। ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतार शिवालयों के बाहर देखी गयी। गांधीनगर बारीग्राम स्थित बाबा बटेश्वर नाथ महादेव मंदिर से अहले सुबह जल यात्रा निकाली गयी। जिसमें शामिल श्रद्धालु दामोदर नदी से जल लेकर वापस बाबा बटेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुंच जलाभिषेक किये। इसमें सैकड़ो महिलाएं-पुरुष शामिल होकर हर हर महादेव, जय श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। चलकरी कॉलोनी शिव मंदिर, डीवीसी बेरमो माइंस शिव मंदिर, बेरमो सिम शिव मंदिर, कुरपनिया, संडे बाजार शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी।

## डीएमएफटी से ली गयी योजनाओं की विभागवार समीक्षा

# समय पर पूरी करें डीएमएफटी से ली गयी योजनाएं : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीडीसी।

**धनबाद।** डीडीसी सादात अनवर ने सोमवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से ली गई योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीएमएफटी से ली गई योजना में कोई त्रुटि ना रहे। कार्य की गुणवत्ता बनाए रखें और समय पर कार्य पूरी करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल सहित ऐसी योजना का चयन करने को कहा जिससे जिले के अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। कहा कि योजना का एस्टीमेट बनाने से पहले स्थल का निरीक्षण करें। योजना को ग्राम सभा से पारित कराए। भूमि संबंधित स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराए। यह सुनिश्चित करें की योजना पर विगत 5 साल में काम नहीं हुआ है और किसी अन्य विभाग द्वारा उक्त योजना नहीं ली गई है। बैठक में पीएचईडी 1 एवं 2, विशेष प्रमंडल, रोड डिविजन, लघु सिंचाई, चिरकुंडा नगर परिषद, विद्युत प्रमंडल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एएनएमएमसीएच), आरईओ, पीएचईडी मैकेनिकल में चल रही योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के पश्चात डीडीसी ने युद्ध स्तर पर सभी योजना को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर डीआरडीए के निदेशक राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी आदि मौजूद थे।

**DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE, JHARKHAND**

DISTRICT HEALTH SOCIETY KHUNTI

Sadar Hospital Campus Khunti
Email :- cs.khunti@gmail.com

निविदा सं० DHS/263/ खूँटी, दिनांक 22.07.2024

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

भी0बी0डी0 कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन हेतु Cyfluthrin 10% (wdp) (Specification संलग्न) का क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री के आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 05.08.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, खूँटी में निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 05.08.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, खूँटी झारखण्ड पिन न0 835210 |
| निविदा खुलने की तिथि | 05.08.2024 के अपराह्न 03.00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय, खूँटी। |

➢ नोट – निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय खूँटी के सूचना पट्ट पर एवं जिला खूँटी के वेबसाइट http://khunti.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।

PR 330321 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)

PR No. -318226 Dated 07.02.2024

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 33/2024-25 दिनांक :- 19.07.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M- DHN-10 / 2023-24 | बाघमारा | 1 | येगेष्वर मोड़ झिंझि पहाड़ी भाया श्रीधरपुर, लष्करीटॉंड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.865 कि०मी०) | 1330.498 | तेरह करोड़ तीस लाख उनचास हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | बाघमारा | 2 | आर०सी०डी० पथ से बरोरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.750 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 3 | एन०एच०–32 भुरूंगिया से भाटडीह पुल तक भाया कंचनपुर कुमारडीह, कर्चरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 5.880 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 4 | खरखरी रेलवे पुल से फ ुलवारीटॉंड भाया सहाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.790 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 5 | सिन्दवारटॉंड से रामराज मंदिर (चिटाही) भाया बहियारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 3.900 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 6 | आर०ई०ओ० पथ (झगराही–मतारी पुल पथ) से मुख्य पथ दरिदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1 .610 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 7 | पाथरगरिया से कमलिया षिवमंदिर भाया लुटूटॉंड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.950 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 8 | एन०एच०–32 तेलमच्चो से ज ुमुनिया रेलवे फाटक भाया अंधारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 3 .620 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 9 | एन०एच०–32 पतराकुल्ही से आर०सी०डी० पथ रामपुर भाया कुमारजोरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.250 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 10 | मुचुरायडीह से तरगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.400 कि०मी०) | | | |
| | | बाघमारा | 11 | मंझिलाडीह हरि मंदिर से कदमटॉंड भाया मधुडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 2.050 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–23.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 29.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–30.07.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग –सह–
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,

PR 330271 Rural Work Department(24-25)D

किसान कॉल सेंटर–18001801551

**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़**

नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़। (825101)

ई0मेल– atmaramgarh@gmail.com, वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

**–:आम सूचना:–**

किसान समृद्धि योजना के तहत कृषकों से आवेदन पत्रों की मांग,योजना की विशेषताएँ, नियम एवं शर्तें:–

1. यह योजना सौर ऊर्जा पम्पसेट आधारित उद्वह सिंचाई योजना है।
2. इस योजना के तहत 2 HP एवं 5 HP सौर पम्पसेट का वितरण 90% अनुदान पर किया जायेगा।
3. इस योजना का लाभ व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JLSPS पंजीकृत) /FPO/FPC,LAMPS/PACS के सदस्य को दिया जाना है।
4. आवेदन प्रखण्ड तकनीकी सूचना केन्द्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जमा किया जायेगा एवं आवेदन ग्राम सभा से अनुमोदित होना चाहिए।
5. प्राप्त आवेदन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल में ऑनलाईन किया जायेगा।
6. रामगढ़ जिले को लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई है। लक्ष्य प्राप्त होने के उपरांत आवेदकों की संख्या अधिक होने पर पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर चयन किया जायेगा।
7. लाभुक कृषक को Escrow Account खोलना होगा एवं 10% कृषक अंशदान Escrow Account में जमा करने के पश्चात ही 90% अनुदान की राशि उनके खाते में जमा की जायेगी।
8. सोलर सिंचाई आपूर्तिकर्ता द्वारा GPS Monitoring किया जायेगा एवं कम से कम 5 वर्षों तक रख–रखाव तथा मरम्मत की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्त्ता की होगी।
9. योजना का लाभ एवं व्यक्तिगत लाभुक की स्थिति में एक बार एवं समूह की स्थिति में कम से कम 05 वर्ष तक नहीं दिया जायेगा।
10. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए एवं एक परिवार से एक ही सदस्य लाभुक होंगे। आधार से लिंक मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
11. बटाईदार किसान, कोई कृषक परिवार या किसान संवैधानित पद राज्य/केन्द्र/PCU/सरकारी स्वायत्त निकायों के सेवारत/सेवानिवृत अधिकारी एवं कर्मचारी, डॉक्टर इंजीनियर, Chartered Accountant, आकिटेक्ट, वकील जैसे प्रोफेशनल्स, सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर), अन्य किसी विभाग या संस्था से समरुप सिंचाई योजना से आच्छादित लाभुक एवं उनके परिवार के सदस्य, इस योजना के पात्र नहीं होंगे। साथ ही काली सूची में दर्ज किसान उत्पादक समूह, किसान उत्पादक कम्पनी, सहकारी समिति इत्यादि को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
12. ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन आवेदन नजदीकी CSC में जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
13. विशेष/अधिक जानकारी के लिए कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), कार्यालय नया समाहरणालय, भू–तल, ब्लॉक–सी0, छत्तरमाण्डू, रामगढ़/संबंधित प्रखण्ड के बी०टी०एम०/ ए०टी०एम०/कृषक मित्रों से संपर्क किया जा सकता है।
14. आवेदन–पत्र आत्मा, रामगढ़ के Website - http://www.atmaramgarh.org.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह0/–
परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़

PR 330290 Agriculture(24-25)#D

# 800 सरकारी स्कूलों को पीएमश्री स्कूलों में बदला जायेगा

- राज्य में आधुनिक व्यवस्था के तहत पढ़ाई होगी
- एनइपी के अनुसार, छठी कक्षा से कोडिंग क्लास होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य में आधुनिक व्यवस्था के तहत पढ़ाई होगी। हर सरकारी स्कूल में एक कंप्यूटर लैब होगी। एनईपी के अनुसार, छठी कक्षा से कोडिंग क्लास होगी। स्कूलों में काउंसलिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे और नौवीं कक्षा से करियर काउंसलिंग की सुविधा रहेगी। प्री-स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों का विकास किया जायेगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पब्लिक स्कूलों में शिक्षा में क्रांति लाने के लिए एआई प्लेटफॉर्म लांच किये जायेंगे। 800 सरकारी स्कूलों को पीएमश्री स्कूलों में बदला जायेगा। इसके अलावा, राज्य के सभी सरकारी आईटीआई कॉलेजों के बुनियादी ढांचे और पाठ्यक्रम में वृद्धि का आधुनिकीकरण किया जायेगा।

**राज्यपाल के भाषण की अन्य मुख्य बातें:** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 लाख घर ग्रामीण इलाकों के लिए और 5 लाख घर शहरी इलाकों के लिए करने का लक्ष रखा गया है। आंगनवाड़ी को 2030 तक कार्यात्मक आंगनवाड़ी में बदल दिया जायेगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विद्यालय स्तर पर शिक्षण उद्देश्यों के लिए शैक्षिक संसाधन व्यक्तियों के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा। सरकार जनजातीय छात्रों को पुस्तकालय भेजने के लिए पुस्तकालय-ऑन-व्हील्स कार्यक्रम शुरू करेगी। हरित औद्योगिक नीति लागू की जायेगी, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार चार और छह पहिया वाहनों को सब्सिडी देगी। तटीय क्षेत्रों पर चक्रवात के प्रभाव को कम करने के लिए तटीय क्षेत्रों में 480 किलोमीटर वनरोपण गतिविधियां की जायेगी। 2027 तक पृषिहीनता कम हो जायेगी। नयी खेल नीति लायी जायेगी, खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए खेल अकादमियां और नर्सरी स्थापित की जायेगी। हस्तशिल्प उत्पादों को ब्रांड के रूप में पेश करने के लिए ओडिशा हस्तशिल्प डिजाइन बैंक की स्थापना की जायेगी। 2029 तक 350,000 से अधिक युवाओं महिलाओं को औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। पंचायतों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिए व्यवसाय अधिनियम लागू किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा में शोक प्रस्ताव पेश किया



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विधानसभा में शोक प्रस्ताव पेश किया। दिवंगत नेता के लिए शोक प्रस्ताव पेश किया गया है। जिन लोगों का निधन हुआ उनमें पूर्व मंत्री डंबुरुधर उल्लाका, पूर्व मंत्री सुरेंद्र नाथ नायक, पूर्व राज्यपाल मुरलीधर चंद्रकांत भंडारे, पूर्व मंत्री कमला दास और पूर्व सदस्य भी सुज्ञानी कुमारी देव के निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया गया है। इसी तरह मालकानगिरि के पूर्व विधायक आदित्य माढी, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री कमला पुजारी और पूर्व मंत्री दामोदर राउत के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया है। विपक्ष के नेता नवीन पटनायक और कांग्रेस विधायक दल के नेता रामचंद्र काडाम ने शोक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए श्रद्धांजलि दी। शोक प्रस्ताव लाए जाने के बाद स्पीकर सूरमा पाढ़ी ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

# लक्ष्मण सिंह ने देवघर में किया बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार, गिरिडीह।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सावन की पहली सोमवारी को देवघर पहुंच बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर धनवार विधानसभा की जनता के साथ साथ पूरे झारखंड वासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। उक्त जानकारी श्री सिंह ने देवघर से पूजा-अर्चना कर लौटने के दौरान धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में दी। श्री सिंह ने बताया कि सावन महीना पवित्र महीना है, जहां लाखों श्रद्धालु भक्त बाबा धाम देवघर पहुंचते है तथा अपने-अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं और बाबा भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि पहली सोमवारी को देवघर बाबा धाम पहुंच कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर धनवार विधानसभा की जनता के साथ-साथ पूरे झारखंड प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि एवं कुशल मंगल की कामना की।

# संयुक्त अनुसंधान के लिए सोआ और आइसीटी, मुंबई के बीच समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, केमिकल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी और संबंधित क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और उच्च शिक्षित मानव विकसित करने के लिए शिक्षा और अनुसंधान विभाग (सोआ) और इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी), मुंबई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। एमओयू के अनुसार, सोआ और आईसीटी, मुंबई दो शैक्षणिक संस्थानों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, संकाय और छात्रों के बीच विभिन्न आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करेगा। सोआ के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार नंद और आईसीटी, मुंबई के कुलपति प्रो. अनिरुद्ध बी. पंडित के बीच शनिवार को समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों संस्थानों के मानदंडों के अनुसार, कर्मचारियों का आदान-प्रदान, संयुक्त कार्यशालायें और सम्मेलन, दोनों संस्थानों के प्रोफेसरों द्वारा व्याख्यान, आईसीटी मुंबई और सोआ के सहयोग से विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम और परियोजनाओं और शोध प्रबंध कार्य में छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन होगा। इसके अलावा दोनों शैक्षणिक संस्थान अनुसंधान और अन्य संबंधित गतिविधियों में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे, सॉफ्टवेयर और अन्य चीजों का आदान-प्रदान करेंगे और आपस में सहयोग बनायें रखेंगे। आईसीटी, मुंबई सोआ-सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन (सोआ-सीआईआई) और अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी) सोआ फाउंडेशन के काम का भी समर्थन करेगा।

# स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में विकसित हो रही है प्लास्टिक सर्जरी

एम्स भुवनेश्वर में अत्याधुनिक बर्न यूनिट ओड़िशा और पड़ोसी राज्यों में गंभीर रूप से जलने वाली चोटों के लिए गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करती है

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्लास्टिक सर्जरी स्वास्थ्य देखभाल में एक आवश्यक कारक के रूप में उभरी है, जो जलने, कैंसर, लिंफेडेमा और कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं सहित विभिन्न स्थितियों के लिए जीवन बदलने वाले समाधान प्रदान करती है। यह रोगियों की कार्यात्मक और सौंदर्य दोनों आवश्यकताओं को संबोधित कर रहा है। एम्स, भुवनेश्वर मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने में उन्नत चिकित्सा देखभाल के महत्व को सुदृढ़ करते हुए, अनुकरणीय प्लास्टिक सर्जरी सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी बना हुआ है। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर एम्स भुवनेश्वर में बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशेषज्ञों ने कहा, लेकिन, इस क्षेत्र पर अधिक शोध और जागरूकता समय की जरूरत है। इस वर्ष, एसोसिएशन ऑफ प्लास्टिक सर्जन ऑफ इंडिया (एपीएसआइ) के तत्वावधान में, एक अग्रणी प्लास्टिक और पुनर्निर्माण सर्जरी सप्ताह शुरू किया गया था। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में प्लास्टिक सर्जरी के भीतर विभिन्न उप-विशिष्टताओं को समर्पित विशेष दिनों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिनमें से प्रत्येक को प्रासंगिक सर्जरी के प्रदर्शन द्वारा चिह्नित किया गया था, जो सभी मुफ्त प्रदान किये गये थे। बर्न और प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने विभिन्न सर्जरी, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये और बर्न और कैंसर से बचे लोगों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय सेवाओं में लिंफेडेमा रोगियों के लिए मुफ्त संपीड़न चिकित्सा और घाव की देखभाल के लिए मुफ्त वीएसी थेरेपी शामिल हैं।

डॉ. संजय गिरि ने कहा कि हमने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जैसे संपीड़न थेरेपी के माध्यम से बड़े लिम्फेडेमा को कम करना, खोपड़ी के बड़े सिनोवियल सेल साकोर्मा को निकालना, और मुंबई, बैंगलोर और कोलकाता में त्वचा बैंकों से एलोग्राफ़्ट का उपयोग करना। कार्यक्रम में डॉ विजय कुमार, सचिव, एपीएसआई, डॉ शैलेश कुमार, अध्यक्ष, एम्स भुवनेश्वर, डॉ एन दीप, डॉ पीआर महापात्र, डीन, डॉ दिलीप कुमार परिदा, एमएस, अभिजीत, डीडीए, रस्मी रंजन सेठी उपस्थित थे।

# रेलवे संरक्षा कर्मचारी पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** कृष्ण चंद्र प्रधान, टीएम-2, रेढ़ाखोल, गणेश्वर साहू, टीएम-2, बइंडा, हरेश कुमार पटेल, टीएम-4, हंडपा, फकीर लुहा, तकनीशियन-3/सीएंडडब्ल्यू, संबलपुर और बी चंद्र शेखर राव, तकनीशियन-1/सीएंडडब्ल्यू, संबलपुर को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए पुरस्कृत किया गया।

संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे ने तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), सिद्धांत मिश्रा, मंडल यांत्रिक इंजीनियर और संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।


## सूचना

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में RBSK Mobile Health Team के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2024 -2025 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक वाहन चालक , मालिक अपनी निविदा एवं गाड़ी के कागजात के साथ एक सप्ताह के अंदर रजिस्टर डाक , कोरियर अथवा हाथों-हाथ कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतरातू
रामगढ़ ।



DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments



Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU



Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## झारखण्ड सरकार

कार्यालय– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, राँची।

### आम सूचना

**''शहरी क्षेत्र में घर के प्रांगण में वृक्ष लगाने पर प्रति वृक्ष 5 यूनिट बिजली फ्री''**

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन द्वारा शहरी क्षेत्रों के पर्यावरण को स्वस्थ रखने एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु यह घोषणा की है कि शहरी क्षेत्रों (नगर निगम/नगरपालिका) में उन परिवारों को उनके बिजली विपत्र में सरकार प्रति पेड़ पाँच (05) यूनिट बिजली मुफ्त देगी जो इस योजना के अन्तर्गत अपने घर के परिसर में फूलदार, इमारती एवं फलदार वृक्षों को लगाया जायेगा। इस योजना के उल्लेखनीय बिन्दु निम्नवत् हैं :–

1. जब इन वृक्षों की गोलाई 20 से०मी० सीने की ऊँचाई पर हो जाएगी तब से इस योजना के तहत् लाभुक गिने जाएगें।
2. योजना के तहत् लगाये गये वृक्षों का लाभ दो वर्षों के उपरांत देय होगा।
3. यह लाभ सरकारी संस्थानों/सरकारी आवासों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/उद्योगों/कारखानों इत्यादि की जमीन पर लागू नहीं होगा।
4. अधिकतम 05 वृक्ष प्रति लाभुक के आधार पर यह लाभुक को देय होगा।
5. एक लाभुक के एक प्रांगण में एक ही बिजली मीटर पर इस योजना का लाभ देय होगा।
6. यह लाभ संकल्प निर्गत होने की तिथि से अगले पाँच वर्षों के लिए प्रभावी होगा।
7. जिन लाभुकों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त है, उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बंधित नगरपालिका/नगरपरिषद के अंतर्गत विहित प्रपत्र भरकर नगर निकाय को आवेदनकर्त्ता माह फरवरी के अंत तक आवेदन करेंगे। नगरपालिका/नगरपरिष्द द्वारा प्रति वर्ष मार्च माह में शहरी क्षेत्रों में निजी भूमि पर लगाये गये वृक्षों की गणना एवं जाँच प्रतिवेदन लाभुकवार सम्बधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमण्डल को सूचित किया जाएगा। सम्बंधित प्रादेशिक वन प्रमण्डलों द्वारा प्रत्येक माह 5 प्रतिशत सैम्पल के आधार पर लाभुकों के वृक्षों की जाँच करायी जायेगी। जाँचोपरांत लाभुकों की सूची तैयार कर प्रत्येक वर्ष के 20 अप्रैल तक सम्बंधित लाभुकों का नाम, पता, वृक्षों की संख्या, बिजली मीटर संख्या के साथ सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०, राँची को उपलब्ध कराया जाएगा।

यह सूचना जनहित में जारी !

ह०/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
विकास, झारखण्ड, राँची।

P.R. 330356 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**